दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। सोमवार 18 नवंबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 325 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

# दिल्ली की सीएम आतिशी ने स्वीकार किया कैलाश गहलोत का इस्तीफा



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कैलाश गहलोत का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। कैलाश गहलोत ने रविवार सुबह मंत्रिमंडल से अपना इस्तीफा दे दिया था, उन्होंने अपना यह इस्तीफा मुख्यमंत्री को भेजा था। दिल्ली सरकार में मंत्री रहे कैलाश गहलोत द्वारा आम आदमी पार्टी छोड़े जाने पर पार्टी ने कहा कि पिछले कई महीनों से उन पर दबाव था। आम आदमी पार्टी ने कहा कि कैलाश गहलोत को कई बार ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। उन पर ईडी की रेड हुई, उनके पास कोई रास्ता नहीं था और उन्हें भारतीय जनता पार्टी में ही जाना था। आम आदमी पार्टी ने कहा कि इससे एक बात स्पष्ट हो गई है कि भारतीय जनता पार्टी दिल्ली का चुनाव हार चुकी है। आज उनके पास कोई मुद्दा नहीं बचा। भाजपा के पास ऐसा कोई काम नहीं है, जो वे जनता को बता सकें। वे दिल्ली के अंदर ईडी और सीबीआई के माध्यम से व इनकम टैक्स के माध्यम से चुनाव लड़ रहे हैं और हम लोग दिल्ली के काम करने वाली राजनीति के नाम पर वोट मांग रहे हैं। कैलाश गहलोत ने केजरीवाल द्वारा उपयोग में लिए गए मुख्यमंत्री आवास को शीशमहल कहा है। गहलोत ने दिल्ली सरकार के कामकाज पर भी प्रश्न उठाए हैं। उन्होंने संदेह जताया कि दिल्ली सरकार के इस रवैए से दिल्ली का विकास नहीं हो सकेगा।

# आज महानगर की शहर विधानसभा में रहेगा चुनाव प्रचार का पूरा चरम

## भाजपा, असपा और बसपा का निकलेगा रोड शो




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है। आज शाम से चुनाव प्रचार थम जाएगा। रविवार को पूरा दिन अलग-अलग दलों के राजनीतिक नेता, कार्यकर्ता शहर की विभिन्न गली मोहल्लों में प्रचार करते रहे। दिन भर दुकानों पर चुनावी पंपलेट बंटते रहे। आज सभी उम्मीदवार अपनी पूरी ताकत झोंकेंगे। आज प्रचार का अंतिम दिन है लिहाजा यहां अपने-अपने हिसाब से जनता को मैसेज दिया जाएगा। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान लाइन पार पर सभी का फोकस रहा है, लेकिन इसके अलावा लाइन के इस पार यानी शहरी क्षेत्र में जहां मुस्लिम और दलित बाहुल्य बस्तियों में कहीं हाथी वाले तो कहीं केतली वाले एक्टिव दिखाई दिये तो यहां कई इलाकों में साइकिल और हाथ वाले भी प्रचार करते नजर आए। ओवैसी की पार्टी के समर्थक भी प्रचार में रहे। रविवार को शहर के प्रमुख बाजारों में गली और मोहल्लों में कार्यकताओं की टोलियां घूमती रहीं और चुनावी प्रचार करती रहीं। आज प्रचार का चरम होगा। आज प्रचार में मुद्दे, बिरादरी और धर्म होगा। रविवार को पूरा दिन इस पार से लेकर उस पार तक राजनीतिक दलों की जय जयकार होती रही।

### केतली वाले दल के चीफ आज करेंगे बालूपुरा में रोड शो



**करंट क्राइम।** आजाद समाज पार्टी के चीफ नगीना सांसद चंद्रशेखर आज चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रोड शो करेंगे। उनका रोड शो बालूपुरा इलाके में होगा। इससे पहले वो लाइनपार क्षेत्र में रोड शो कर चुके हैं।

### बजरिया से शुरू होगा भाजपा का रोड शो

**करंट क्राइम।** भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा के पक्ष में सीएम योगी आदित्यनाथ जनसभा कार्यकर्ता संवाद और रोड शो तीनों करके गए। डिप्टी सीएम भी आए। आज चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा का पारंपरिक रोड शो होगा। भाजपा का रोड शो दोपहर बारह बजे बजरिया गुरुद्वारा से शुरू होगा। यह शहर के विभिन्न इलाकों से होता हुआ नवयुग मार्किट में दुर्गा भाभी चौक शहीद पथ पर समाप्त होगा। इसके अलावा बसपा भी रोड शो करेगी। बसपा के वेस्ट यूपी प्रभारी शमशुद्दीन राइन का रोड शो धोबीघाट आरओबी से शुरू होगा। इस रोड शो में बसपा के अन्य नेता भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा अन्य राजनीतिक दल भी आज प्रचार के अंतिम दिन अपनी पूरी ताकत लगाएंगे।

## वकीलों की हड़ताल के मामले में आया नया ट्विस्ट

# महापंचायत के बाद हुई आंदोलन समाप्ति की घोषणा

## अधिवक्ताओं की नाराजगी पर पड़ी भारी, जारी रहेगी हड़ताल

### आज भी हड़ताल पर रहेंगे गाजियाबाद सहित कई जनपदों में अधिवक्ता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को उत्तर प्रदेश के 40 जिलों और कई प्रदेशों के अधिवक्ताओं ने गाजियाबाद में महासम्मेलन का आयोजन किया गया था।

महासम्मेलन के बाद बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने अधिवक्ताओं की गाजियाबाद में हड़ताल वापसी और जिला जज का बहिष्कार करने का फैसला लिया गया था लेकिन शाम को हुए इस फैसले के बाद अधिवक्ताओं के अलग-अलग संगठनों ने इस फैसले का विरोध शुरू किया। वहीं अधिवक्ताओं से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात जैसे ही बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा द्वारा हड़ताल समाप्ति के फैसले को सार्वजनिक किया गया, इसका प्रदेशभर के अधिवक्ताओं और बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विरोध शुरु करते हुए दबाव बनाना शुरु कर दिया। उन्होंने लगातार बार अध्यक्ष गाजियाबाद और सचिव को फोन करना शुरू कर दिया, कई तरीके के आरोप लगाए गए तो अधिवक्ताओं के व्हाट्सएप ग्रुप पर भी जमकर आपत्तिजनक मैसेज और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। जिसके बाद देर रात गाजियाबाद बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सोमवार से स्थगित की गई अधिवक्ताओं की हड़ताल को वापस लिया और नया घोषणा पत्र जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि जब तक जिला जज का तबादला नहीं होता और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक अधिवक्ताओं का प्रदेशव्यापी आंदोलन जारी रहेगा। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा है कि वह अधिवक्ताओं के साथ हैं और जब तक इस पूरे मामले में जिला जज पर कार्रवाई नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा।




### बार एसोसिएशन पर बढ़ा अधिवक्ताओं का दबाव, तो लेना पड़ा फैसला वापस

करंट क्राइम : अधिवक्ताओं के एक दर्जन से अधिक संघों नें शनिवार की रात हड़ताल समाप्ति के विरोध की जोरदार तरीके से निंदा शुरू की थी। तो बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारियों पर गंभीर आरोप भी लगाए गए। इसके बाद अलग-अलग जिलों के बार अध्यक्ष और सचिवों ने फोन कर गाजियाबाद के पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा। जिसके बाद बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने दबाव बढ़ता देख दोबारा से पत्र जारी करते हुए अधिवक्ताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल को पुन : जारी रखने का समर्थन किया और कहा कि उनके द्वारा जो फैसला लिया गया था वह उचित नहीं लग रहा था। जिसको लेकर अधिवक्ताओं में भारी विरोध करते हुए उनके पास कई अधिवक्ता संघों ने फोन किया, अधिवक्ताओं की बात को उन्होंने महत्व देते हुए आंदोलन दोबारा से जारी रखने का फैसला लिया है।

### 29 नवंबर को होगा हाईकोर्ट का घेराव, प्रदेशभर के अधिवक्ता होंगे एकजुट



करंट क्राइम : 29 नवंबर को उत्तर प्रदेश के बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और अलग-अलग संघ हाई कोर्ट का घेराव करेंगे। हाई कोर्ट का घेराव करने के लिए प्रदेशभर के अधिवक्ताओं ने एकजुट होने का आवाहन शनिवार को गाजियाबाद बार एसोसिएशन के समर्थन में हुई महापंचायत के दौरान दिया था। इस दौरान उत्तर प्रदेश के 40 जिलों के अधिवक्ताओं के साथ ही दिल्ली, पंजाब, हरियाणा के अधिवक्ताओं ने भी समर्थन पत्र दिया है। वहीं अधिवक्ताओं के सूत्र बता रहे हैं की बार एसोसिएशन गाजियाबाद अब जिला जज पर कार्रवाई की मांग तक आंदोलन को जारी रखने का काम करेगा।

> हड़ताल खत्म करने का फैसला अधिवक्ताओं से बातचीत के आधार पर लिया गया था। इसका विरोध हुआ हमने सभी की बात का सम्मान किया और अधिवक्ताओं की लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को भी कार्य बहिष्कार और हड़ताल रहेगी। वहीं जिला जज पर कार्रवाई न होने तक जारी रखने का फैसला लिया गया है ।
>
> दीपक शर्मा , अध्यक्ष बार एसोसिएशन गाजियाबाद



### अभी कई दिन और प्रभावित रहेगी कचहरी, कामकाज पर पाबंदी जारी



**करंट क्राइम :** 29 अक्टूबर को गाजियाबाद कचहरी में जिला जज के कोर्टरूम के भीतर अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज का विरोध का मामला थम नहीं रहा है। शनिवार को अधिवक्ताओं ने आंदोलन वापस लेने का फैसला लिया, तो इसका पुरजोर विरोध हुआ और कुछ घंटे बाद ही आंदोलन जारी रखने की अधिवक्ताओं ने सहमति बना ली। अब बार एसोसिएशन गाजियाबाद और बार एसोसिएशन के पुराने व वरिष्ठ पदाधिकारी जानकारी दे रहे हैं कि गाजियाबाद कचहरी में अभी आने वाले कई दिनों तक हड़ताल जारी रहेगी। इसके साथ ही जिला जज अनिल कुमार सिंह का बहिष्कार भी होगा। वरिष्ठिवक्ता रणनीति बना रहे हैं कि इस पूरे मामले में बार काउंसिल की ओर से कुछ पहल हो और मामला हल कराया जा सके। बता दें कि लगभग बीते 20 दिनों से गाजियाबाद की कचहरी बंद चल रही है। वहीं कचहरी में सभी प्रकार के न्यायिक कार्य बंद हैं। जिसके वजह से अधिवक्ताओं के साथ ही जेल में बंद वादी, प्रतिवादी परेशान हो रहे हैं। तो हजारों मामलों की सुनवाई भी रुकी हुई है।

# 4,61,360 मतदाताओं के हाथ में रहेगी विधानसभा वाली चाबी

## कार्यकर्ताओं ने भी की है जबरदस्त मेहनत और एक्टिव रहे हैं भीतरघाती




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधानसभा उपचुनाव का वो समय आ गया जब ईवीएम मशीन पर मतदाताओं की उंगलियां बटन दबाएंगी और अपना फैसला सुनाएगी। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा, सपा कांग्रेस, बसपा, असपा के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। यहां सभी दलों ने मेहनत की है।

सभी ने डोर टू डोर जाकर वोट मांगे हैं, जनसभाओं में वोट मांगे हैं। अपने अपने कार्यकताओं को लगाया है। अब वो समय आ गया जब अंतिम फैसला शहर विधानसभा के वोटर सुनाएंगे। यहां 461360 मतादाताओं के हाथ में विधानसभा की चाबी है। वो जिसके पक्ष में फैसला सुनाएंगे वो यहां से विधायक होकर लखनऊ में विधानसभा में गाजियाबाद शहर का प्रतिनिपधित्व करेगा। यहां पुरुष मतदाताओं की संख्या दो लाख 54 हजार 17 है और यहां महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। यहां महिला मतदाताओं की संख्या दो लाख 73 हजार 14 है। इसके अलावा अगर ट्रांसजेंडर की बात करें तो ऐसे मतदाताओं की संख्या 29 है। सभी दलों ने अपनी तरफ से कोशिश की है। भाजपा कटोगे तो बंटोगे का नारा लेकर आई है और यहां बसपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन को डीएम पर भरोसा है।

अन्य दल भी मेहनत कर रहे हैं और अपने-अपने फ्रेम में सभी ने अपने अपने चुनाव को अपने अपने गणित के हिसाब से साधा है।

बड़ी बात ये है कि यहां अगर देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने समपर्ण भाव से काम किया है तो यहां भीतरघातियों की एक टीम भी पूरी तरह से एक्टिव रही है। इस टीम ने घर-घर जाकर अपना काम किया है और देवतुल्यों की टीम ने अपना काम किया है। सभी दलों के बड़े नेता भी यहां आए हैं। जनता के समक्ष सब अपने-अपने मुद्दे लेकर आए हैं।

फैसला जनता को सुनना है और यहां एक बड़ा फैक्टर मतदान का प्रतिशत और मतदान के प्रतिशत में भी भौगोलिक समीकरण बहुत कुछ तय करेगा।

### वोटिंग की रफ्तार तय करेगी किसका मजबूत रहेगा आधार

**करंट क्राइम।** मतदान प्रतिशत को लेकर लगातार बात हो रही है। मतदान प्रतिशत बढ़े इसके लिए निर्वाचन विभाग की टीमों ने काम किया है। अपने-अपने मतदाताओं को लेकर सभी दलों ने अपना फोकस साधा है। दलित और मुस्लिम बस्तियों में बसपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन की रणनीति है कि यहां उन्हें वोट मिले। वहीं आजाद समाज पार्टी भी इन्हीं बस्तियों में स्कोप तलाश रही है। ओवैसी की पार्टी भी इस उम्मीद है कि उनके उम्मीदवार को एम वोट का समर्थन मिलेगा। बड़ी बात ये है कि इलाका कोई सा भी हो मतदान की रफ्तार तय कर दी कि इस रेस में कौन आगे रहेगा। विधानसभा उपचुनाव में विधायक वाला फेस कौन बनेगा। मतदान अगर धीमा हुआ तो समीकरण गडबड़ा जाएंगे और मतदान अगर तेज हो गया और वोटरों ने रूचि ले ली तो यहां समीकरण नए भी बन सकते हैं और किसी के चुनाव में माइलेज वलो पंख लग सकते हैं। सब कुछ संभव है लेकिन ये मतदाता के रुख पर निर्भर करेगा।

# मंत्री असीम अरुण ने तूफानी दौरा कर की संजीव शर्मा को जिताने की अपील

## भाजपा विकास के लिए जोड़ने का काम करती है : असीम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के लिए चुनाव प्रचार को मजबूती देने हेतु उत्तर प्रदेश के मंत्री असीम अरुण ने रविवार को महागनर में तूफानी दौरा किया। उनका उद्देश्य पार्टी प्रत्याशी संजीव शर्मा को विजयी बनाने के लिए हिंदुत्व शक्ति के साथ दलित समाज को एकजुट करना और समाज के मुद्दों पर चर्चा कर उन्हें पार्टी के पक्ष में प्रेरित करना था। मंत्री असीम अरुण ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर समाज के प्रमुख लोगों और समुदाय के वरिष्ठ प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने भाजपा सरकार की सर्व कल्याणकारी योजनाओं और दलित समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को विस्तार से बताया। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर जमकर हमला बोला। जो बंटेगा, वो कटेगा बयान पर सपा के नेताओं को निशाने पर लेते हुए कहा कि सपा के लोग जो अपने ही परिवार को एक साथ नहीं रख सके वह समाज और देश को क्या जोड़ सकते हैं।

**भाजपा की विचारधारा सबका साथ, सबका विकास : अरुण**

असीम - अरुण शहर विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा समर्थन में आयोजित जनसभा में हिस्सा लेने के लिए गाजियाबाद पहुंचे थे। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा की उपलब्धियों का बखान किया। अरुण ने कहा कि भाजपा की विचारधारा सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर आधारित है। यह पार्टी हर जाति और मजहब के लोगों से वोट प्राप्त कर रही है। उनका कहना था कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो समाज के हर वर्ग को जोड़ने का काम करती है। इसी कारण पार्टी को हर धर्म और जाति से समर्थन मिल रहा है। असीम अरुण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक हैं तो सेफ हैं नारे पर भी प्रतिक्रिया दी।




### 'भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर'

उन्होंने कहा कि यह नारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे के सिद्धांत को आगे बढ़ाता है। उन्होंने भारतीय राजनीति और इतिहास की ओर इशारा करते हुए कहा कि इतिहास साक्षी है कि जो विभाजनकारी ताकतें थीं, जिन्होंने समाज को तोड़ने की राजनीति की, उन्होंने विभाजन करके पाकिस्तान का निर्माण किया। आज पाकिस्तान की स्थिति किसी से छिपी नहीं है, जबकि भारत ने एकजुटता की दिशा में काम किया अब वह विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। मंत्री असीम अरुण ने सपा के पीडीए के नारे पर भी तीखा हमला किया। असीम अरुण ने शहर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया। कहा कि भाजपा सभी नौ सीटें जीतने जा रही है।

# घर में घुसकर विधवा महिला की हत्या

## अवैध संबंध के चलते प्रेमी ने ली जान

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जारचा थाना क्षेत्र में एक घर में घुसकर विधवा महिला की उसी के पड़ोसी ने चाकू से गला काटकर हत्या कर दी। आरोपी और महिला के बीच में अवैध संबंध थे, लेकिन इस दौरान वह महिला किसी और से भी बातचीत करने लगी जो कि आरोपी को नागवार गुजरा और उसने महिला के घर में जाकर उसकी हत्या कर दी, फिलहाल पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



जारचा थाना क्षेत्र के कलौंदा गांव में रात में करीब 1 बजे नरगिस (32) नाम की महिला की गला काटकर हत्या कर दी। शाहरुख नाम का युवक जो कि मर्तका का पड़ोसी है, उसका नरगिस से प्रेम प्रसंग था। काफी लंबे समय से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था लेकिन इस दौरान नरगिस किसी अन्य व्यक्ति से बातचीत करने लगी, जो शाहरुख को पसंद नहीं था। बताया जा रहा है कि शाहरुख ने कई बार इसके लिए मना किया और कहा कि उस व्यक्ति से बातचीत मत रखो लेकिन नरगिस ने उसकी बात को नहीं मानी। इसके बाद वह आग बबूला हो गया और रात में नरगिस के घर पहुंचा और चाकू से गला काटकर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि जिस समय नरगिस की हत्या की गई उस समय उसकी बेटी और सास मौजूद थी। फिलहाल पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और बताया जा रहा है कि आरोपी को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

# यूपी स्कूल मार्शल आर्ट प्रतियोगिता 2024 का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला स्तर पर गाजियाबाद महामाया स्टेडियम में यूपी स्कूल मार्शल आर्ट प्रतियोगिता 2024 में बीएल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के वियान सैन ने द्वितीय स्थान (सिल्वर मेडल) जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल स्टाफ की तरफ से वियान सैन को बहुत-बहुत शुभकामनाएं तथा मार्शल आर्ट अध्यापक आरके मल्होत्रा को भी बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आपकी मेहनत से ही बच्चे ने पूरे गाजियाबाद में स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल मैनेजर जितेंद्र सर ने बताया बच्चे काफी समय से मेहनत कर रहे थे। स्कूल प्रिंसिपल लक्ष्मी सैन ने कहा कि बच्चों के साथ-साथ मार्शल आर्ट अध्यापक ने भी भरपूर मेहनत की है जिसका यह परिणाम है। समस्त स्टाफ में खुशी का माहौल है।

# अखिलेश यादव का भाजपा पर हमला

## कहा- 'जो चुनाव टालेंगे वो हारेंगे'



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अयोध्या में कहा कि जिन्होंने चुनाव टाले हैं वे हारेंगे। अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा को उपचुनाव हारने का एहसास हो गया था, इसी कारण चुनाव टाल दिए गए। सपा नेता ने कहा कि 13 नवंबर को उपचुनाव होने वाले थे। बाहर रहने वाले लोग त्योहारों पर छुट्टी पर घर आए थे। उन्होंने मन बना लिया था कि 13 नवंबर को भाजपा को हराकर वापस काम पर जाएंगे। इस बात की भनक भाजपा को लग गई थी। इसलिए चुनाव 13 से 20 नवंबर को टाल दिए। जो टालेंगे वो चुनाव हारेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बुनियादी सवाल वही है। आज भी खाद नहीं है, डीएपी नहीं है। वे किसानों के धान की कीमत नहीं दे पाए। अगली फसल की कोई तैयारी नहीं है। बिजली महंगी है। नौकरी, रोजगार के लिए लोगों को धरने पर बैठना पड़ रहा है। जो लोग 'वन नेशन, वन इलेक्शन', का दावा करते हैं, वे परीक्षा नहीं करा पा रहे हैं। इन्होंने रिकॉर्ड परीक्षा कराने का दावा किया था। रिकॉर्ड परीक्षाओं में 30 प्रतिशत बच्चों की परीक्षा छूट गई थी। ये वही लोग हैं जो परीक्षा टालते हैं। अखिलेश यादव ने झांसी की घटना पर कहा कि ये दुखद है कि इस तरह की घटना आज के समय पर हो रही है। इन्हें तभी सतर्क हो जाना चाहिए था, जब गोरखपुर में ऑक्सीजन की कमी से बच्चों की जान गई थी। जब कभी भी ये लोग निरीक्षण पर जाते हैं या औचक निरीक्षण करते हैं तो पूरे इंतजाम सही मिलते हैं, लेकिन जैसे ही अधिकारी या मंत्री हटते हैं, अस्पताल वैसे ही हो जाते हैं। क्या सरकार ने पर्याप्त बजट दिया था?, सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे? यह लापरवाही और सरकार की नजरअंदाजी की वजह से 10 नवजातों की जान गई है और इतना बड़ा नुकसान हुआ है। अखिलेश यादव ने सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि वह पहले थोड़ा डरे हुए लग रहे थे, जैसे-जैसे उपचुनाव करीब आ रहे हैं वो थोड़ा हिले हुए दिखाई दे रहे हैं। जनता उनके खिलाफ खड़ी है। ये लोग जो भाषा इस्तेमाल कर रहे हैं, ये अंग्रेजों की भाषा थी।

## न्यूज डायरी

### हत्या का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

**लोनी, करंट क्राइम।** टीला मोड़ थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हत्या का प्रयास करने वाले एक हमलावर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी सलौनी अग्रवाल ने बताया कि 28 अक्टूबर को कुरैशियान मौहल्ला पसौंडा के रहने वाले अलतमस ने तहरीर दी थी । तहरीर के मुताबिक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। अलतमस का आरोप था कि उपरोक्त तारीख को रात्रि लगभग 11 बजे वह अपने घर के पास दुकान पर खड़ा था इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले सैफ खान, रिजबान, शहजाद, फाजिल और आबिद आए और जान से मारने की नियत से पिस्टल तान दी तथा फायरिंग की जिससे पास में खडे हाजी नौशाद को गोली लग गई। पुलिस टीम हमलाबरों की तलाश में थी कि शनिबार को मुखबिर ने सूचना दी कि एक हमलावर आरोपी अपनें घर पर ही है पूलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची तथा आरोपी आबिद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है आबिद को बैधानिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

### अवैध होटलों के परमिशन लोनी नगरपालिका कर चुकी है रद्द

**लोनी, करंट क्राइम।** संगम विहार में पंडित ललित शर्मा के आवास पर प्रमुख लोगों की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें ललित शर्मा ने बताया कि लगभग 5 महीने से लोनी में अवैध होटल एवं गेस्ट हाउस के खिलाफ आंदोलन चलाया जा रहा है जिसमें 3 सितंबर 2024 को जिलाधिकारी गाजियाबाद के आदेश पर उपजिलाधिकारी लोनी के द्वारा विभिन्न विभागों को मिलकर एक अवैध होटल एवं गेस्ट हाउस पर कार्रवाई करने के लिए टीम का गठन किया गया था पर अफसोस कि वह मात्र कागजों में गठन ही रह गया। इसी संबंध में रविवार को बैठक कर हम लोगों ने निर्णय लिया है कि 07 दिसंबर 2024 को 11-00 बजे सुबह लोनी के सैकड़ों जागरूक नागरिक उप जिलाधिकारी कार्यालय का तहसील दिवस के दिन करेंगे घेराव। जब तक संतोषजनक जवाब नहीं मिलेगा, हम वहां से हटने वाले नहीं हैं और हम जब तक रुकने वाले नहीं है जब तक यह अवैध कार्य लोनी से जड़ से बंद नहीं हो जाता। बैठक में प्रमुख रूप से मनोनीत सभासद भाजपा बड़ी बहन मीना शर्मा,पूर्व सभासद प्रमोद गुप्ता, भाजपा नेता जितेंद्र कश्यप, सुभाष पांडे, रविंद्र द्विवेदी, बहन संगीता शर्मा, अजय शर्मा, लोकेश ठाकुर, रमेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

### दहेज लोभी ससुरालियों ने विवाहित को घर से निकाला

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** दहेज में एसी, कार व दो लाख रुपए की मांग पूरी ना होने पर दहेज लोभी ससुरालियों ने एक विवाहिता को मारपीट कर गला दबाकर मारने का प्रयास किया। पीड़िता की ओर से दी गई तहरीर में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ससुराल पक्ष के छह लोगों को नामजद किया है। भूपेंद्रपुरी कॉलोनी निवासी प्रीति की विवाह 17 जनवरी 2024 को प्रवीन कुमार के साथ हुआ। ससुराल पक्ष के लोग दहेज से संतुष्ट नहीं थे। एसीए, कार व दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे। मांग पूरी ना होने पर ससुराल पक्ष के लाग विवाहिता के साथ जमकर मारपीट करते थे। विवाहिता के बताने पर मायके पक्ष के लोग ससुराल में पहुंचे। दोनों पक्षों में बातचीत हुई, लेकिन ससुराल पक्ष के लोगों ने बेइज्जत कर विवाहिता के परिजन को भगा दिया। इसी बीच पति ने गला दबाकर महिला को जान से मारने का प्रयास किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पति को हिरासत में लिया गया। पीड़िता विवाहिता के तहरीर पर पुलिस ने पति सहित ओमवीर, चमोली देवी, राहुल, सुनील, सुमन निवासी माता कॉलोनी विजयनगर गाजियाबाद के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस अग्रीम कार्रवाई की तैयारी में है।

### दुकान के ताले तोड़ते हुए मौके से चोर को दबोचा

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** दुकान के ताले तोड़ते हुए चोर को दुकानदार ने देर रात दबोच लिया और सूचना पाकर मौके पर पंहुचे आसपास के दुकानदारों ने चोर की जमकर खबर ली। बाद में चोर को सूचना पाकर मौके पर पंहुची पुलिस के सुपुर्द कर दिया। चोर की निशानदही से पुलिस ने हथौड़ा, छैनी व पेचकस आदि सामान बरामद किया है। व्यापारियों ने मोदीपोन चैकी की पुलिस पर रात के समय गश्त नहीं करने का आरोप लगाते हुए एसीपी से शिकायत की है।

# छात्रा ने लगाई फांसी , 12वीं में किया था टॉप

## परिजनों ने कहा- बीएससी में नंबर कम आने से रहती थी परेशान



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में एक बीएससी की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 18वर्षीय छात्रा ने अपने घर में ही फांसी का फंदा लगाया और आत्महत्या कर ली। इस मामले में परिजनों ने पुलिस को कोई भी शिकायत नहीं दी गई है। छात्रा ने 2022-23 में 12वीं कक्षा में टॉप किया था। दादरी थाना क्षेत्र के ठाकुरान मोहल्ले में प्रिया नाम की छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रिया बीएससी की पढ़ाई कर रही थी। बताया जा रहा है कि ीएससी मैथ्स में उसके कम अंक आए थे और उसी की वजह से वह लगातार तनाव में चल रही थी और आशंका जताई जा रही है कि उसी के चलते उसने आत्महत्या की। परिजनों और पुलिस को घर से कोई भी सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

परिजनों के ने बताया गया कि प्रिया पढ़ाई में बचपन से ही बहुत अच्छी थी। 2022-23 में इंटरमीडिएट की परीक्षा में 92.40 अंकों के साथ वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में उसने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। छात्रा की मौत के बाद पूरे परिवार में मातम छाया हुआ है। प्रिया के पिता प्रदीप कुमार दादरी तहसील में बैनामा लेखक के पास काम करते हैं। इस घटना के बाद पूरा परिवार सदमे में है।

# झांसी में मरने वाले नवजातों को दी गई श्रद्धांजलि

## मोमबत्ती जलाकर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जीटी रोड शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव पार्क में लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने झांसी मेडिकल कॉलेज में हुए आग हादसे में मारे गए नवजात बच्चों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान मोमबत्तियां जलाकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। संस्था के अध्यक्ष राम दुलार यादव ने हादसे को संस्थागत हत्या बताते हुए कहा कि यह लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि इतनी भयंकर घटना घटित होने के बाद प्रशासन, शासन के लोगों के स्वागत की तैयारी कर चूना सड़क पर लगाना, निंदनीय और संवेदनशून्यता को दशार्ता है, ऐसी घटनाओं पर भी कार्यपालिका के कुछ लोग व्यस्थापिका की चरण वंदना में लग अपने काले कारनामों को छिपाने में लग जाते है। अस्पताल प्रबंधन भी इस घटना के लिए जिम्मेदार है, जहाँ तत्काल बच्चों को बचाने का कोई बंदोबस्त नहीं किया गया, आग बुझाने वाले उपकरण भी एक्सपायर पुराना सिलेंडर चार-पांच साल पहले ही अपनी आग बुझाने की क्षमता को खो चूका है, इस ह्रदय विदारक घटना से मेडिकल कालेज के प्राचार्य एन0 एस0 सेंगर ने अपनी जिम्मेदारी का सही निर्वहन नहीं किया, वह उत्तरदायी है, जाँच कर उचित कार्यवाही की मांग की गयी, जिससे ऐसी भयंकर, शर्मनाक, पीड़ादायक घटना की पुनरावृति न हों सभी शामिल साथियों ने 2 मिनट का मौन रख कर परिवार को इस दुःख की घडी में धैर्य रखने की सर्वशक्तिमान से प्रार्थना की, नवजात बच्चों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर राम दुलार यादव, अनिल मिश्र, राम प्यारे यादव, हरिराम, एस0 एस0 तिवारी, हरिकृष्ण, जगन्नाथ प्रसाद, अमृत लाल चौरसिया, नवीन कुमार, फूलचंद वर्मा, विनोद त्रिपाठी, हुकुम सिंह, राजेन्द्र, सम्राट सिंह आदि ने भाग लिया।

# कोल्हापुर में गरजे सीएम योगी, कहाः 'महा अघाड़ी गठबंधन देश के साथ धोखा कर रहा'



**कोल्हापुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) पर निशाना साथा। सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन और पूरे देश में एनडीए कार्य कर रहा है।

बिना भेदभाव के शासन की योजना हर गांव, हर गरीब, हर किसान, हर नौजवान, हर महिला को देने के लिए वह प्रतिबद्ध हैं। वह देश की सुरक्षा के लिए, देश की समृद्धि के लिए और शासन सत्ता उसके लिए सुशासन का एक मंत्र बनकर आता है। सीएम योगी ने कहा कि महाराष्ट्र में एक तरफ महायुति गठबंधन है और दूसरी तरफ ना नीति है, ना नैतिक बल है, ना निर्णय लेना का सामर्थ्य है। महा अघाड़ी गठबंधन देश के साथ धोखा कर रहा है। महा अघाड़ी गठबंधन पहले एक दूसरे को धोखा दे रहा है। कांग्रेस, उद्धव ठाकरे और पवार में आपस में ही नूरा कुश्ती चल रही है।

सीएम योगी ने आगे कहा कि पहले ये आपस में धोखा देंगे, फिर हिंदू समाज को धोखा देंगे और फिर ये लोग देश को धोखा देंगे। कांग्रेस का तो इतिहास ही भारत के साथ धोखा देने का रहा है। अगर कांग्रेस का नेतृत्व 1947 में चाहता तो देश कभी विभाजित नहीं होता।

भारत का विभाजन नहीं होता तो पाकिस्तान नहीं बनता। जिनको ये भय था कि मुसलमान दंगे करेंगे, उनसे तो हम ऐसे निपट लेते जैसे आज निपटते हैं। लेकिन कांग्रेस की बुजदिली थी, उनकी कायरता की सत्ता लोलुपता थी, उन्होंने देश के विभाजन को स्वीकार करके हजारों वर्षों से जो भारत एक भारत था, उस भारत को दो टुकड़ों में बांट दिया उन्होंने सवाल किया बदले में क्या मिला? लाखों हिंदुओं को काटा गया। अब तो कांग्रेस के लोग उस सच्चाई को भी स्वीकार नहीं कर रहे हैं। बता दें कि महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को नतीजे घोषित होंगे।

# आम आदमी पार्टी पिछ्ले दस सालों से लोगों को मौत परोस रही है : मनोज तिवारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को आईएएनएस से बातचीत की। उन्होंने दिल्ली प्रदूषण, महाराष्ट्र के पूर्व सीएम विलासराव देशमुख पर कांग्रेस नेता नितिन राउत के आरोप, आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ठाकुर के सनातन बोर्ड बनाने के सुझाव पर प्रतिक्रिया दी है। दल्ली में बढ़ते प्रदूषण के गंभीर स्तर पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा है कि आम आदमी पार्टी ने कभी दिल्ली के लोगों के कल्याण की परवाह नहीं की। वे जनता को जहरीली हवा और प्रदूषित पानी परोस रहे हैं। सीधे शब्दों में कहें तो आम आदमी पार्टी पिछले दस सालों से लोगों को मौत परोस रही है। इस प्रदूषण के कारण दिल्ली के निवासियों की उम्र 10 से 12 साल कम हो गई है।

लोग प्रदूषित वातावरण से थक चुके हैं। इसलिए हम दिल्ली के लोगों से अपील करना चाहते हैं कि आगामी विधानसभा में बहुत कम समय रह गया है, चलिए साथ मिलकर दिल्ली को संवारने का काम करते हैं। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम विलासराव देशमुख पर कांग्रेस नेता नितिन राउत के आरोपों पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा है कि कांग्रेस में सिर्फ 'सोनिया गांधी की जय' के नारे लगते हैं। वे 'भारत माता की जय' जैसे नारे नहीं लगाते या 'जय भीम' जैसे नारे। यह भारतीय जनता पार्टी है जो 'जय श्री राम', 'जय भीम' और 'भारत माता की जय' कहकर बड़ा दिल दिखाती है। हम भी कहते हैं 'सबका साथ, सबका विकास।' आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ठाकुर के सनातन बोर्ड बनाने के सुझाव पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा है कि यह अच्छी बात है। हम संतों का बहुत सम्मान करते हैं। भारतीय जनता पार्टी अपने देश की संस्कृति के अनुरूप आवाज उठाने वालों की बात ध्यान से सुनती है। सनातन बोर्ड के गठन के संबंध में उचित समय पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

# आतंकियों के लिए अब सीमा पार से हो रहा है भोजन और हथियारों का इंतजाम, करते हैं चाइनीज एप का इस्तेमाल



**जम्मू।** आतंकी इन सबके लिए स्थानीय मददगारों से संपर्क नहीं कर रहे। इन्हें जो भी चाहिए होता है, वे सीमा पार बैठे आतंकी हैंडलर से बात करते हैं। हैंडलर स्थानीय मददगार से संपर्क करता है। उसे बता दिया जाता है कि सामान कब और कहां रखना है। इसके बाद आतंकी वहां से सामान ले जाते हैं। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ों और जंगलों में छिपकर बैठे आतंकियों ने अपने लिए हथियार, रसद और सामान मंगवाने की रणनीति बदल दी है। आतंकी इन सबके लिए स्थानीय मददगारों से संपर्क नहीं कर रहे। इन्हें जो भी चाहिए होता है, वे सीमा पार बैठे आतंकी हैंडलर से बात करते हैं। हैंडलर स्थानीय मददगार से संपर्क करता है। उसे बता दिया जाता है कि सामान कब और कहां रखना है। इसके बाद आतंकी वहां से सामान ले जाते हैं। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि इस पूरे नेटवर्क को चलाने के लिए आतंकी संगठन कुछ चाइनीज मोबाइल एप का इस्तेमाल कर रहे हैं। इंटरनेट आधारित ये मोबाइल एप पाकिस्तान में स्थापित टावरों के माध्यम से इस्तेमाल हो रहे हैं, जो स्थानीय स्तर पर पकड़ में नहीं आ रहे। यही कारण है कि छिपे हुए आतंकी सुरक्षाबलों के हत्थे नहीं चढ़ पा रहे। आतंकियों ने स्थानीय स्तर पर अपना संपर्क बहुत कम कर दिया है। पहले आतंकी हथियार, खाना और अन्य सामान लेने मददगार तक पहुंचते थे। अब इनका आपस में कोई संपर्क नहीं हो रहा।

### ऐसे हो रहा चाइनीज एप का इस्तेमाल

जानकारी के अनुसार, चाइनीज एप के जरिए एक वीडियो तैयार किया जाता है। इसमें लोकेशन भेजी जाती है। इस वीडियो के माध्यम से मददगार सामान रख देता है और आतंकी वहां से उठा लेता है।

### पकड़ में आ जाते थे मददगार

पूर्व डीजीपी वैद का कहना है कि आतंकी जब जम्मू-कश्मीर में मौजूद टावरों और मोबाइल का इस्तेमाल कर रहे थे। तब इनकी स्थानीय मददगारों से होने वाली बातचीत पकड़ में आ जाती थी। अब आतंकी मददगार से बात नहीं करता। मददगार से पाकिस्तान में बैठा हैंडलर बात करता है। हैंडलर फिर आतंकियों से बात करता है। इसके लिए ऐसे चाइनीज एप इस्तेमाल हो रहे हैं, जो पकड़ में नहीं आ रहे।

### स्थानीय लोगों की मदद लें

पूर्व ब्रिगेडियर विजय सागर का कहना है कि आतंकियों का पता लगाने के लिए बड़े स्तर पर स्थानीय लोगों की मदद लेनी चाहिए। क्योंकि आतंकी सामान लेने के लिए अपने ठिकानों से बाहर जरूर आएंगे। बेशक वे अपने मददगारों से नहीं मिलेंगे। न ही स्थानीय लोगों से संपर्क करेंगे।

# 'न मणिपुर एक है, न सेफ है', कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हिंसा को लेकर केंद्र पर भड़के



**मणिपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी को संबोधित करते हुए लिखा कि 'आपकी डबल इंजन की सरकार में न मणिपुर एक है और न ही सेफ है। मई 2023 से मणिपुर अकल्पनीय दर्द, बंटवारे और हिंसा से गुजर रहा है।' मणिपुर हिंसा को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जु खरगे ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। खरगे ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में मणिपुर न तो सुरक्षित है और न ही एक रहा है। खरगे ने भाजपा सरकार पर बंटवारे की राजनीति करने का गंभीर आरोप लगाया।

### 'भाजपा जानबूझकर मणिपुर को जलते रहने देना चाहती है'

कांग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी को संबोधित करते हुए लिखा कि 'आपकी डबल इंजन की सरकार में न मणिपुर एक है और न ही सेफ है। मई 2023 से मणिपुर अकल्पनीय दर्द, बंटवारे और हिंसा से गुजर रहा है, जिससे इसके लोगों का भविष्य तबाह हो गया है। हम ये पूरी जिम्मेदारी से कह रहे हैं कि ऐसा लगता है कि भाजपा जानबूझकर मणिपुर को जलते रहने देना चाहती है ताकि अपने बंटवारे की राजनीति को जारी रख सके।'

### 'राज्य के लोग आपको माफ नहीं करेंगे'

खरगे ने कहा कि मणिपुर में भाजपा सरकार पूरी तरह से असफल रही है और राज्य के लोग कभी भी इसके लिए भाजपा को माफ नहीं करेंगे। खरगे ने लिखा कि 'मणिपुर में 7 नवंबर से अब तक 17 लोगों की जान जा चुकी है और सीमावर्ती राज्य में हिंसा बढ़ती जा रही है। अगर आप भविष्य में मणिपुर का दौरा करते हैं तो राज्य के लोग कभी भी आपको न माफ करेंगे और न ही ये भूलेंगे कि आपने उनके साथ क्या किया।' मणिपुर में शनिवार को हिंसा की आग फिर भड़क गई और गुस्साए लोगों ने कई विधायकों के घरों में तोड़फोड़ और आगजनी की। गुस्साई भीड़ सीएम आवास की तरफ भी बढ़ी थी, लेकिन पुलिस ने बड़ी मुश्किल से हालात पर काबू पाया। रविवार को पुलिस ने हिंसा और आगजनी के मामले में 23 लोगों को गिरफ्तार किया है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। सोमवार 18 नवंबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# आज शाम से थम जाएगा चुनाव प्रचार

## डीएम ने मतदान वाले दिन सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की

**गाजियाबाद , करंट क्राइमः** 20 नवंबर को गाजियाबाद विधानसभा-56 सीट पर उपचुनाव होना है और उपचुनाव के लिए सोमवार को शाम पांच बजे से चुनाव प्रचार थम जाएगा।

कुल मिलाकर सोमवार को 5 बजे के बाद सार्वजनिक स्थानों, रोड शो, रैली जैसे आयोजनों के चुनाव प्रचार पर रोक लग जाएगी। इसके साथ ही चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद किसी प्रकार की आचार संहिता का उल्लंघन ना हो इसके लिए यहां तैनात रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र पर नजर रखने का काम करेंगे। वहीं मंगलवार की सुबह से कमला नेहरू नगर सीपीडब्ल्यूडी ग्राउंड से पोलिंग पार्टियों को मतदान स्थल के लिए रवाना किया जाएगा। वहीं पुलिस और पोलिंग पार्टियों मंगलवार दोपहर से अपने-अपने मतदान केंद्रों पर कमान संभाल लेंगी।

## 19 से बूथों पर पुलिस फोर्स संभालेगी कमान

## 20 नवंबर को विधानसभा सीट पर होना है उपचुनाव





### 119 मतदान केंद्रों पर होगा शहर सीट के लिए मतदान

करंट क्राइम : गाजियाबाद विधानसभा सीट-56 पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल 119 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां 506 मतदेय स्थल बने हैं। जिसमें 106 क्रिटिकल मतदेय स्थल रहेंगे। शहर विधानसभा सीट पर होने वाले चुनाव के लिए चार जोनल मजिस्ट्रेट और 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रशासनिक स्तर पर निगरानी और व्यवस्था संभालने का काम करेंगे। बता दें कि शहर विधानसभा सीट पर कुल चार लाख, 61 हजार 360 मतदाता हैं, जिसमें युवा मतदाताओं की संख्या 5449 है।

### 20 को जिले में रहेगा सार्वजनिक अवकाश

करंट क्राइम : गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव के लिए 20 नवंबर को जनपद में अवकाश रहेगा। जिलाधिकारी- जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने मीडिया को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि गाजियाबाद में निर्वाचन के प्रयोजन के लिए मतदान के दिन 20 नवंबर (बुधवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। जिले के कोषागार व उप कोषागार भी मतदान दिवस पर बंद रहेंगे।

### न्यायालय में भी 20 को अवकाश

करंट क्राइम : जनपद गाजियाबाद की सदर विधान सभा सीट पर उप निर्वाचन के मद्देनजर जनपद न्यायाधीश, गाजियाबाद द्वारा आदेश पत्र जारी किया कर मतदान दिवस पर अवकाश की जानकारी दी गई है। जिला न्यायाधीश की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र के अनुपालन में, जनपद न्यायालय, गाजियाबाद में 20 नवंबर, 2024 को मतदान के चलते सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की जाती है। जिन वादों में सुनवाई हेतु 20 नवंबर को नियत है उन वादों की सुनवाई 21 नवंबर को की जाएगी।

### मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें : इन्द्र विक्रम सिंह



करंट क्राइम : जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। हर जिम्मेदार नागरिक की यह नैतिक जिम्मेदारी है। लोकतंत्र मजबूत करने के लिए मताधिकार का प्रयोग करना आवश्यक है। कोई मतदाता मतदान से वंचित न हो, इसी उद्देश्य से मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

### अभिनंदन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वरिष्ठ नेता विवेक त्यागी के निवास पर रविवार को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल पहुंचे। भाजपा नेता रुद्रप्रताप त्यागी ने उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सत्यपाल प्रधान भी मुख्य रूप से मौजूद थे।

### नगर निगम हो गया मतदान के लिए पूरी तरह तैयार

# मतदान केंद्रों पर डल गये बूथ नंबर और पॉलिंग ग्राउंड में शुरू हुआ पानी का छिड़काव







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधानसभा उपचुनाव के लिये अब निर्वाचन टीमों के साथ-साथ नगर निगम भी मैदान में आ गया है। नगर निगम ने उपचुनाव से जुड़ी तैयारियों की कमान संभाल ली है। नगर निगम की टीमें अपने विभागीय कप्तान नगर आयुक्त के नेतृत्व में मोर्चों पर डट गई हैं। उपचुनाव में जहां नगर आयुक्त ने अलग-अलग टीमों की डयूटी लगाई है। वहीं पॉलिंग ग्राउंड पर लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा है। नगर निगम की टीमें उपचुनाव में लगातार मोर्चा संभाल रही हैं। नगर निगम की ओर से सभी बूथों की मरम्मत का कार्य किया गया है।

समस्त मतदान केंद्रों पर बूथ क्रमांक अंकित किये गये हैं। बेरिकेडिंग व्यवस्था का कार्य चल रहा है वहीं सभी मतदान केंद्रों में साफ सफाई का कार्य तेजी पर है। नगर निगम का निर्माण विभाग अहम भूमिका निभा रहा है। मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देशानुसार उपचुनाव को लेकर सभी तैयारी समय से पूरी की गई है। जिलाधिकारी के निर्देश अनुसार कमला नेहरू नगर के पार्टी पॉलिंग ग्राउंड में पानी का छिड़काव किया गया है। इस मैदान की सफाई भी अभियान के रूप में कराई गई है। उपचुनाव की तैयारियों को लेकर नगर निगम ने अपनी टीमों के साथ मोर्चा संभाला हुआ है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 119 मतदान केंद्र तथा 500 से अधिक बूथ तैयार किये गये हैं।

### जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में उपचुनाव को तैयार है शहर गाजियाबाद



नगर निगम से लेकर अन्य सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। सबसे खास बात ये है कि जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने हर छोटी से छोटी चीज पर ध्यान दिया है। मतदान पूरी तरह निष्पक्ष हो और मतदाता से लेकर मतदान करने तक किसी को कोई असुविधा ना हो इसका ध्यान रखा गया है। मतदान केंद्रों की व्यवस्था को चौकस किया जा रहा है। इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। मतदान का कार्य इतना निष्पक्ष हो कि किसी को भी कोई उंगली उठाने का मौका ना मिले। जिलाधिकारी द्वारा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर सभी इंतजाम पुख्ता किया जा रहेहैं। जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में अधिकारियों की टीमें लगातार पॉलिंग स्टेशनों का निरीक्षण कर रही हैं। निर्वाचन विभाग की टीमों ने भी अपनी अपनी जिम्मेदारी संभाल ली है।

# जो लड़ रहे हैं चुनाव, जिन्होंने भरा था उम्मीदवार वाला पर्चा वो सब हाजिर हुए लेकर चुनावी खर्च के हिसाब वाला पर्चा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव अब अपने चरम पर आ गया है। रविवार का पूरा दिन लगातार प्रचार हुआ। वहीं जिन उम्मीदवारों ने चुनाव का पर्चा भरा था उनसे निर्वाचन विभाग ने चुनावी खर्च के हिसाब वाला पर्चा मांगा। ये चुनाव आयोग के निर्देश हैं और चुनाव आयोग के निर्देश पर ही खर्च का निरीक्षण करने वाली कमेटी की बैठक हुई। चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के क्रम में विधानसभा उपचुनाव में जितने भी उम्मीदवार थे वो इस बैठक में शामिल हुए। खर्च के निरीक्षण की यह दूसरी बैठक व्यप्रेक्षक सुरेश कटारिया की अध्यक्षता में ये बैठक बुलाई गई। बैठक निर्धारित समय पर शुरू हुई। बैठक के दौरान सभी उम्मीदवारों तथा उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों ने चुनाव खर्च का लेखा जोखा सभी बिल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया। इस खर्च वाले रजिस्टर में सभी हिसाब उसी दर पर दिया गया जो दर चुनाव आयोग द्वारा तय की गई है। इसमें चाय से लेकर समोसे का हिसाब था। इसमें कार से लेकर टैम्पो का भाड़ा जोड़ा गया था, इसमें फूलों की माला से लेकर मंच माइक से लेकर अन्य सभी खर्चें बताए गए। सभी उम्मीदवारों ने खर्च के संबंध में अपने अपने बिल लगाए और ये बताया कि उन्होंने किस मद में कितना पैसा खर्च किया है।




### भाजपा, बसपा, सपा सहित निर्दलीय ने भी दे दिया खर्च का हिसाब

**करंट क्राइम।** चुनाव आयोग के दिशा निर्देश पर गठित की गई खर्चा निरीक्षण कमेटी को भाजपा, बसपा और सपा सहित निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी अपने अपने चुनाव खर्च का ब्यौरा दिया। इस बैठक में बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार परमानंद गर्ग, भाजपा के संजीव शर्मा और सपा के सिंहराज जाटव उपस्थित रहे। इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों में रूपेश चंद्र, विनय कुमार शर्मा, शमशेर राणा मौजूद रहे। इसके अलावा उपस्थित रहने वालों में राष्ट्रीय बहुजन कांग्रेस पार्टी के गयादीन अहीरवार, ऑल इंडिया मजलिश ए इत्तिहादुल मुसलमीन रवि गौतम मौजूद रहे। हिंदुस्तान निर्माण दल की पूनम चौधरी मौजूद रहीं। चंद्रशेखर की पार्टी आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार सतपाल चौधरी मौजूद रहे। इस बैठक में अनुउपस्थित रहने वालों में मिहिर भोज समाज पार्टी के पवन, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि अनुउपस्थित थे। इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवार मिथुन जायसवाल भी अनुउपस्थित रहे।




चुनाव आयोग के दिशा निर्देश पर गठित की गई खर्चा निरीक्षण कमेटी को भाजपा, बसपा और सपा सहित निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी अपने अपने चुनाव खर्च का ब्यौरा दिया।

# नहीं सुधर रही है गाजियाबाद की जहरीली हवा, एयर क्वालिटी इंडेक्स हुआ बेहद खतरनाक

## गाजियाबाद में 377रहा एयर क्वालिटी इंडेक्स

## वसुंधरा-लोनी का वायु प्रदूषण बना हुआ है घातक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार गाजियाबाद डाल रहे हैं। तो अब मौसम ने करवट लेना शुरू कर दिया है। रात के समय लगातार बढ़ा हुआ है। रविवार को दिल्ली का वायु प्रदूषण का स्तर 465 दर्ज किया गया। तो गुड़गांव में वायु प्रदूषण 370, गाजियाबाद में 377 और ग्रेटर नोएडा का वायु प्रदूषण 381 मापा गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उत्तर प्रदेश के आंकड़े बता रहे हैं कि दिल्ली-एनसीआर और नोएडा-गाजियाबाद की स्थिति बेहद खतरनाक बनी हुई है। वायु प्रदूषण का खतरनाक स्तर लोगों की सेहत पर भी दुष्प्रभाव डाल रहा है।



सहित दिल्ली-एनसीआर में खतरनाक बनी हुई है। वायुमंडल में धूल के महीन कण लोगों के दैनिक जीवन पर असर धुंध और सुबह ओस बढ़ गई है। जो विजिबिलिटी को कम कर रही है। साथ ही वायु प्रदूषण का जो ग्राफ है, वह

### जिले के चारों प्रदूषण केंद्र हैं गंभीर स्थिति में

करंट क्राइम : प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उत्तर प्रदेश का डाटा बता रहा है कि गाजियाबाद में इंदिरापुरम का वायु प्रदूषण केंद्र रविवार को 333 दर्ज किया गया। तो लोनी सर्वाधिक प्रदूषित रहा, जहां के प्रदूषण केंद्र का स्तर 426 दर्ज किया गया है। वहीं वसुंधरा की स्थिति भी बेहद खतरनाक और गंभीर बनी हुई है। यहां प्रदूषण की मात्रा 408 दर्ज की गई, तो संजय नगर की स्थिति भी खतरनाक बनी हुई है जो 340 से अधिक दर्ज की गई है। गाजियाबाद के चारों प्रदूषण माप केंद्र का रिकॉर्ड बता रहा है कि वायु प्रदूषण बेहद गंभीर और खतरनाक स्थिति में बना हुआ है।



### प्रदूषण नियंत्रण के लिए गाइडलाइन

- पानी के छिड़काव के लिए टैंकर नियमित रूप से कूड़ा उठाएं। स्वीपिंग रोस्टर सड़कों की धुलाई कराए।
- एमडीए, आवास विकास परिषद, यूपीसीडी निमार्णाधीन कंस्ट्रक्शन, जिसका एरिया 2000 वर्ग मीटर से अधिक है, पीटीजेड कैमरे की स्थापना करें।
- जिले की सभी सड़कें गड्ढा मुक्त की जाएं और प्राथमिकता से इसे किया जाए।
- जिले में नगर निगम, नगर निकाय, नगर पंचायत खुले में कूड़ा न डाले।
- स्वच्छ वायु ऐप, फेसबुक, आदि के माध्यम से वायु प्रदूषण की शिकायतों का निस्तारण करें।
- गाजियाबाद में कंस्ट्रक्शन साइट पर एंटी स्मॉग गन लगाई गई हैं।

### ये सावधानी जरूर बरतें

- प्रदूषण को कम करने के लिए सबसे पहले पॉलिथीन और टायर जैसी चीजें बिल्कुल न जलाएं।
- ऐसी जगह पर न जाएं, जहां बहुत ज्यादा धुंध है। घर से बाहर मास्क एन-95 लगाकर निकलें।
- अस्थमा और एलर्जी के मरीजों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।
- सांस और दिल की बीमारी वाले लोग अपना विशेष ध्यान रखें।
- डायबिटीज और एचआईवी के मरीजों को भी खास सावधानी रखनी चाहिए।

### मॉर्निंग वॉकर्स, बुजुर्ग, सांस रोगी निशाने पर

करंट क्राइम : मॉर्निंग वॉकर्स, बुजुर्ग, सांस और दिल के मरीज और बच्चे प्रदूषित हवा के निशाने पर सबसे ज्यादा आ रहे हैं। ऐसे में बच्चों को मास्क लगाकर स्कूल भेजें। बुजुर्ग, सांस और दिल के रोग भी मास्क लगाकर बाहर निकलें। सुबह जल्दी और देर शाम बाहर निकलने से बचें। ब्रीदिंग व्यायाम करते रहें। धूल और धुएं वाली जगह पर जाने से बचें।

### एनसीआर में 15 सितंबर से लागू है ग्रेप

करंट क्राइम : हर साल वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान यानी ग्रेप सिस्टम लागू किया जाता है। इस साल वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर एनसीआर में 15 सितंबर से ही इसे लागू कर दिया गया। ग्रेप में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अलावा नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, एनएचएआई, सिंचाई विभाग, नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग समेत करीब 23 विभाग काम कर रहे हैं। इसके बाद भी सुधार नहीं हो रहा है।



## संपादकीय

### स्टार्टअप का योगदान

स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने में स्टार्टअप महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे. यह विश्वास जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार्टअप के क्षेत्र में बढ़ोतरी को रेखांकित किया है कि यह वृद्धि केवल महानगरों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि एक सामाजिक संस्कृति बन चुकी है और युवा उद्यमी अपने नवोन्मेष को छोटे शहरों में भी ले जा रहे हैं. भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है. स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आशा जतायी कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत अग्रणी बनेगा. उन्होंने युवा उद्यमियों से ऐसे भारतीय समाधानों के लिए काम करने का आह्वान किया है, जिससे दुनियाभर की समस्याओं के हल करने में सहयोग मिले. जनवरी 2016 में शुरू किये गये भारत सरकार के स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम के तहत संचालित भारत स्टार्टअप इकोसिस्टम रजिस्ट्री के माध्यम से इस क्षेत्र में प्रभावी ढंग से निवेश बढ़ाने के लिए प्रयास हो रहे हैं. इस रजिस्ट्री में एक विस्तृत डेटाबेस है, जिससे सभी संबंधित पक्ष एक-दूसरे से जुड़ते हैं तथा सहयोगों का आदान-प्रदान करते हैं । रक्षा और अंतरिक्ष समेत भारत सरकार के विभिन्न विभागों में स्टार्टअप उद्यमों से वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद की जा रही है. सरकार के ई-मार्केटप्लेस पोर्टल पर स्टार्टअप कंपनियों ने 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है. हमारे देश में दिसंबर 2023 तक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या लगभग 1,17,254 है, जिनमें लगभग 110 यूनिकॉर्न हैं. यूनिकॉर्न स्टार्टअप उन कंपनियों को कहा जाता है, जिनका मूल्य एक अरब डॉलर से अधिक होता है. प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य में यह भी रेखांकित किया कि स्टार्टअप उद्यमों ने 12 हजार से अधिक पेटेंट आवेदन दिया है, जो नवोन्मेष की बढ़ती गति को दशार्ता है. हाल में भारत में एक लाख से अधिक पेटेंट दिये गये हैं, जिनमें आधे भारतीय नवोन्मेष हैं. पिछले साल वैश्विक स्तर पर पेटेंट आवेदन में सर्वाधिक वृद्धि दर भारत के खाते में रही थी. यह भी उपलब्धि ही है कि 45 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप कंपनियों की बागडोर महिलाओं के हाथों में है. स्टार्टअप इकोसिस्टम की वजह से 12.4 लाख से अधिक रोजगार सृजन हुआ है. सात वर्षों में स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत ऐसी उपलब्धियां बहुत उत्साहजनक है. भारत ने नेशनल क्वांटम मिशन, इंडिया एआइ मिशन और सेमीकंडक्टर मिशन जैसे कार्यक्रमों के साथ-साथ 6जी इंटरनेट पर भी शोध शुरू किया है. ऐसे प्रयासों से स्टार्टअप इकोसिस्टम को बड़ा आधार हासिल होगा।

# बढ़ती महंगाई के बीच यूजर ने सीतारमण से की मध्यम वर्ग को राहत देने की अपील



**नई दिल्ली।** यूजर के पोस्ट पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने मध्यम वर्ग के प्रति यूजर की चिंता की सराहना की। उन्होंने कहा कि आपके दयालु शब्दों और आपकी समझ के लिए धन्यवाद।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया पर एक यूजर द्वारा मध्यम वर्ग को राहत देने के अनुरोध पर प्रतिक्रिया दी। यूजर के पोस्ट को साझा करते हुए सीतारमण ने कहा कि इनपुट मूल्यवान है और सरकार लोगों की आवाज सुनती है। देश में बढ़ती महंगाई के बीच सोशल मीडिया यूजर तुषार शर्मा ने कहा कि वह चुनौतियों को समझता है, लेकिन फिर भी वित्त मंत्री से हृर्दिक अनुरोध करता है कि वह मध्यम वर्ग को कुछ राहत देने पर विचार करें। निर्मला सीतारमण ने यूजर के इस पोस्ट की सराहना की।

### सोशल मीडिया यूजर का निर्मला सीतारमण से अनुरोध

सोशल मीडिया यूजर तुषार शर्मा ने कहा, हम देश के लिए आपके प्रयासों और योगदानों की सराहना करते हैं। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि मध्यम वर्ग को कुछ राहत देने पर विचार करें। मैं समझता हूं कि इसमें कई चुनौतियां हैं, लेकिन यह मेरा आपसे अनुरोध है। यूजर के इस पोस्ट पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने मध्यम वर्ग के प्रति यूजर की चिंता की सराहना की।

### सीतारमण ने दी प्रतिक्रिया

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यूजर के अनुरोध का जवाब देते हुए कहा, आपके दयालु शब्दों और आपकी समझ के लिए धन्यवाद। मैं आपकी चिंता की सराहना करती हूं। पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार एक उत्तरदायी सरकार है। सरकार लोगों की बात सुनती है और उस पर ध्यान देती है। आपकी समझ के लिए फिर एक बार आपका धन्यवाद। बता दें कि यूजर ने यह अनुरोध देश में बढ़ती महंगाई के बीच की जो मध्यम वर्ग के लिए चिंता बन गई है। देश में खुदरा महंगाई पिछले महीने 6.21% दर्ज की गई। इसके अलावा पिछले महीने खाद्य महंगाई 10.87% थी जो सितंबर में 9.24% थी।

## गवर्नर शक्तिकांत दास बोले: भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक घटनाओं के असर से निपट सकती है, बाहरी क्षेत्र मजबूत

**नई दिल्ली।** कोच्चि इंटरनेशनल फाउंडेशन के शुभारंभ के अवसर पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र वैश्विक घटनाओं से उत्पन्न किसी भी प्रभाव को संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र वैश्विक घटनाओं से उत्पन्न किसी भी प्रभाव को संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि देश का बाहरी क्षेत्र भी मजबूत है और हमारा चालू खाता घाटा प्रबंधनीय सीमा के भीतर रहा है और 1.1 प्रतिशत पर रहा।

### कोच्चि इंटरनेशनल फाउंडेशन में बोले दास

कोच्चि इंटरनेशनल फाउंडेशन के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि आज भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि स्थिरता और मजबूती की तस्वीर पेश करती है। उन्होंने बताया कि इससे पहले 2010 और 2011 में यह छह से सात प्रतिशत के बीच थी। इसके साथ ही दास ने यह भी कहा कि भारत के पास दुनिया के सबसे बड़े विदेशी मुद्रा भंडार में से एक है, जो करीब 675 अरब अमेरिकी डॉलर है।

### मुद्रास्फीति के बारे में बोले दास

इसके साथ ही मुद्रास्फीति के बारे में आरबीआई गवर्नर ने कहा समय-समय पर उतार-चढ़ाव के बावजूद इसके मध्यम रहने की उम्मीद है। जहां खाद्य मुद्रास्फीति के कारण भारत की मुद्रास्फीति सितंबर के 5.5 प्रतिशत से बढ़कर अक्टूबर में 6.2 प्रतिशत हो गई। मुद्रास्फीति की कमरे में मौजूद हाथी की तरह- दास अपने संबोधन में



आगे शक्तिकांत दास ने मुद्रास्फीति की तुलना कमरे में मौजूद हाथी से की। उन्होंने कहा अब हाथी टहलने के लिए कमरे से बाहर चला गया है फिर वह जंगल में वापस चला जाएगा। दास ने कहा कि जब यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ तो मुद्रास्फीति बढ़ गई, फिर हमने तुरंत नकारात्मक ब्याज दरों से परहेज किया।

इसके साथ ही दास ने कहा कि हमने भारत में जो नहीं किया, वह भी महत्वपूर्ण है। हमने आरबीआई ने नोट नहीं छापे, क्योंकि अगर हम नोट छापना शुरू कर देते हैं, तो हम जिन समस्याओं को हल करने की कोशिश कर रहे हैं, वे बढ़ जाएंगी और उन्हें संभालना मुश्किल हो जाएगा।

### भारत में कम हो रही मुद्रास्फीति- दास

शक्तिकांत दास ने कहा कि कई देशों में मुद्रास्फीति गहरी जड़ें जमा चुकी थी लेकिन हमारे यहां मुद्रास्फीति कम हो रही है। उन्होंने कहा हमने अपनी ब्याज दर 4 प्रतिशत रखी, इसलिए हमारी रिकवरी बहुत आसान हो गई। दास ने कहा कि देश को सेवा क्षेत्र और अन्य में संरचनात्मक सुधारों की आवश्यकता है।

## भारतीय बाजार की अनदेखी नहीं की जा सकती : वैश्विक विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** दुनिया के शीर्ष उद्योग विशेषज्ञों की राय है कि सरकार की सुधारात्मक पहलों और तेजी से बढ़ते टेक उद्योग के दम पर भारत एक ऐसा बाजार बन चुका है जिसकी कोई अनदेखी नहीं कर सकता। हाल ही में एशिया में निवेश के अवसर और व्यापार के बाद की प्रतिक्रिया विषय पर आयोजित एक सेमिनार में एक प्रतिभागी ने कहा कि पांच साल पहले उभरते बाजार सूचकांक पर भारत का भारांक नौ प्रतिशत था। उन्होंने कहा, यह अब 20 प्रतिशत से अधिक हो गया है। यह विकास की ऐसी गाथा है जिसमें कई संरचनात्मक और विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में पैठ को लेकर काफी सकारात्मक चीजें है। सेमिनार का आयोजन डॉयचे बैंक के सहयोग से 'द एसेट' द्वारा किया गया था।




एमएससीआई के उभरते बाजार सूचकांक के अनुसार, शीर्ष पांच देशों का वेटेज लगभग 80 प्रतिशत है। हाल के वर्षों में भारत लगातार मजबूत हुआ है। जून 2024 में भारत सरकार के बांडों को जे.पी. मॉर्गन ग्लोबल बॉन्ड इंडेक्स-इमर्जिंग मार्केट इंडिसेज में पहली बार शामिल किया गया था। पैनल में शामिल विशेषज्ञों ने कहा कि इससे भारत में अरबों डॉलर के निवेश का मंच तैयार हो गया है। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद बीजिंग की अर्थव्यवस्था और निवेशकों की भावनाओं पर बढ़ती चिंताओं का हवाला देते हुए, वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी सीएलएसए ने अपना सामरिक आवंटन चीन से भारत में स्थानांतरित कर दिया है। सीएलएसए ने अपने नोट में कहा है, अमेरिकी बॉन्ड पर मिलने वाले ब्याज और मुद्रास्फीति की उम्मीदें फेड के लिए नीतिगत दरों में कटौती की गुंजाइश कम कर देती हैं। इससे पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) के भी दरों में कटौती करने की संभावना कम होती है। हमें चिंता है कि इन मुद्दों को देखते हुए विदेशी निवेशक की खरीदारी पर ब्रेक लग जाएगा, जिन्होंने सितंबर में शुरूआती पीबीओसी प्रोत्साहन के बाद चीन में निवेश किया था।

## टाटा संस ने आईपीओं से मांगी राहत, सितंबर से पहले शेयर बाजार में होना होगा सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** टाटा संस ने आईपीओ लाने से आरबीआई से राहत मांगी है। इस आवेदन पर वह विचार कर रहा है। आरबीआई ने सूचना का अधिकार के तहत (आरटीआई) दिए गए जवाब में कहा कि टाटा संस ने स्वेच्छा से अपना पंजीकरण प्रमाणपत्र लौटाया है। अगर इस आवेदन को आरबीआई स्वीकार कर लेता है तो टाटा संस को निर्गम लाने से छूट मिल जाएगी। अगर टाटा संस को छूट मिलती है तो इससे करोड़ों निवेशकों को इसमें भाग लेने से वंचित होना पड़ सकता है।

### आरबीआई ने दिया आरटीआई का जवाब

आईपीओ नियमों से छूट पाने के लिए टाटा संस ने 20,000 करोड़ का कर्ज भी चुकाया है। आरबीआई ने 14 नवंबर को आरटीआई के जवाब में कहा, टाटा संस ने इस साल 28 मार्च को प्रमुख निवेश कंपनी (सीआईसी) पंजीकरण छोड़ने के लिए आवेदन दिया है। दरअसल, आरबीआई ने 2022 में स्केल आधारित विनियमन (एसबीआर) के तहत 15 बड़ी कंपनियों को ऊपरी श्रेणी में रखा था। इन सभी को शेयर बाजार में सितंबर, 2025 से पहले सूचीबद्ध होना अनिवार्य था। इसमें से 11 कंपनियां सूचीबद्ध हो भी चुकी हैं।

कम से कम 8 महीने लगेंगे आईपीओ लाने में.. विशेषज्ञों का कहना है कि आईपीओ लाने के लिए कम से कम 6-8 महीने की जरूरत होती है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।




### किस टू-स्टार की नहीं बन रही है बात

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में वैसे तो बड़ी संख्या में टू- स्टार हैं लेकिन चर्चा इन दिनों एक ऐसे टू-स्टार की हो रही है, जो सिटी जोन में तैनात हैं। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि पहले वह जिस सर्किल में थे, तो उस सर्किल में अब नए थाने में मामला उनके लिए टाइट चल रहा है। सुनने में आया है कि थाना प्रभारी से ट्यूनिंग राइट टाइम नहीं है और थाने के सभी काम को संभालने वाले टू-स्टार से उनका आजकल मामला सेट नहीं हो पा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार टू-स्टार ने बीते दिन छुट्टी ली और देरी से आने के बाद उन्हें फटकार वाला करंट दिया गया था। तो वहीं अगले दिन उनके बर्थडे की छुट्टी पर भी बवाल होने की सूचना मिली है। कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि भले टू-स्टार का मामला इन दिनों डाउन चल रहा हो, पर उनके सर पहले भी कई चौकियों का क्राउन सज चुका है। वह बात अलग है कि बीते दिनों छापे की कार्रवाई के बाद उन्हें चौकी से जाना पड़ा था और अब उस थाने में पहुंच गए हैं, जहां उनकी मुश्किलें बढ़ी हुई बताई जा रही है। सुनने में आया है कि सिटी में उनकी बात जाम नहीं पा रही है,



पहले वह सिटी के एक थानाक्षेत्र में अपनी रफ्तार नहीं बढ़ा पाए थे। तो दूसरी जगह उनकी गाड़ी चढ़ी और फिर पटरी से उतर गई और अब तीसरे सिटी जोन के थाने में उनका मामला सेट वाला नहीं हो पा रहा है। एक समय में वह नदिया पार से लेकर देहात तक अपना रंग जमा चुके हैं। बताया जाता है कि उनके लिए सीधे आईपीएस और कमिश्नरेट के ही एक एसीपी अधिकारी सिफारिश वाला फोन किया करते थे, अब मामला क्यों बिगड़ा हुआ है और उनकी बात अपने ही सर्किल के साहब लोगों से बन नहीं पा रही है, यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं की लाइन पार में जिस टू-स्टार से वह उलझ रहे हैं, वह खतरनाक हो सकता है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चर्चा उन टू-स्टारों की भी शुरू हो गई है, जिनकी रवानगी वाली लिस्ट में नाम तो आया था पर डेट फिक्स होने का वेट उनको अभी कब तक करना पड़ेगा यह बताना मुश्किल बताया जा रहा है। उधर कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि गाजियाबाद सिस्टम के दो साल होने वाले हैं और इस मौके पर कुछ को गिफ्ट और कुछ को शिफ्ट वाला मामला भी मिल सकता है। ऐसी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों के बीच चर्चाएं सुनाई दे रही हैं। देखना होगा टू-स्टार का क्या होता है।




प्रिय पाठकों,

आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले टीम इंडिया की बढ़ती मुश्किलें, पर्थ टेस्ट को लेकर बढ़ा सस्पेंस!

**पर्थ में होने वाला सीरीज का पहला टेस्ट भारत की सबसे बड़ी परेशानी बना हुआ है। मेजबान टीम मौके का पूरा फायदा उठाने के लिए बेताब है, जबकि भारत की नजर जीत के साथ आगाज और न्यूजीलैंड के खिलाफ मिले जख्मों पर मरहम लगाने पर है।**

**नई दिल्ली, 17 नवंबर।** इस बात का अंदाजा तो हर किसी को है कि भारत का ऑस्ट्रेलियाई दौर चुनौतीपूर्ण होने वाला है। हालांकि टीम इंडिया का यह दौरा अभी सिर्फ प्रैक्टिस मैच तक ही पहुंच पाया है और मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। खास तौर पर पर्थ में होने वाला सीरीज का पहला टेस्ट भारत की सबसे बड़ी परेशानी बना हुआ है।

मेजबान टीम मौके का पूरा फायदा उठाने के लिए बेताब है, जबकि भारत की नजर जीत के साथ आगाज और न्यूजीलैंड के खिलाफ मिले जख्मों पर मरहम लगाने पर है।

पहले टेस्ट में रोहित शर्मा का न खेलना लगभग तय है। पहले ही पर्थ टेस्ट के लिए कप्तान रोहित शर्मा की गैरहाजिरी ने टीम इंडिया के लिए ओपनिंग जोड़ी चुनने की चुनौती पेश की हुई है, इस बीच अब शुभमन गिल भी चोटिल हो गए हैं। अभी तक ओपनिंग में रोहित की जगह भरने का सवाल था, अब तीसरे नंबर पर शुभमन गिल की जगह लेने की चुनौती भी सामने आ गई है। वहीं, विराट कोहली



अपनी लय तलाशने के जद्दोजहद में क्रीज पर उतरेंगे। यानी भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ टीम इंडिया का टॉप ऑर्डर संघर्ष कर रहा है।

अब ऐसे में पर्थ टेस्ट के लिए ओपनिंग जोड़ी के साथ-साथ टॉप-4 कौन होगा, ये बड़ा पेचीदा सवाल है। यदि केएल राहुल ही यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग की जिम्मेदारी संभालते हैं तो नंबर तीन पर कौन होगा? या फिर विराट कोहली ही नंबर चार की जगह नंबर तीन पर खेलेंगे?

माना जा रहा है कि अगर कोहली नंबर चार पर ही खेलते हैं, तो सरफराज खान को नंबर-3 पर प्रमोट किया जा सकता है। हालांकि, अगर रोहित और शुभमन गिल पहले टेस्ट से बाहर होते हैं तो अभिमन्यू ईश्वरन को भी टीम में मौका मिलने की संभावना है।

कुल मिलाकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आगाज के साथ ही टीम इंडिया के सामने चुनौतियां बढ़ी हैं। भारतीय टीम पहले ही अपने घर पर 0-3 से शर्मनाक हार के बाद ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रही है। टीम के स्टार बल्लेबाजों की खराब फॉर्म ने मुश्किलों को और भी बढ़ाया है। अब टीम के सामने एक संतुलित प्लेइंग चुनने और एक टीम के तौर पर एकजुट होने की चुनौती सामने खड़ी है।

# विश्व कप क्वालीफायर में कोलंबिया की चुनौती के लिए तैयार इक्वाडोर : बेकासे



**गुआयाकिल, 17 नवंबर।** इक्वाडोर के मैनेजर सेबेस्टियन बेकासे ने कहा है कि उनकी टीम मंगलवार को विश्व कप क्वालीफायर में कोलंबिया के साथ होने वाले मैच में उन्हें बराबरी की टक्कर देगी।

इक्वाडोर वर्तमान में 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी ग्रुप में 11 मैचों में 16 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है, जो तीसरे स्थान पर मौजूद कोलंबिया से तीन अंक पीछे है।

कोलंबिया के बंदरगाह शहर बैरेंक्विला में मंगलवार को होने वाला मुकाबला दोनों टीमों को डायरेक्ट क्वालीफाई करने का मौका देगा।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, बेकासे ने संवाददाताओं से कहा, यह एक अच्छी चुनौती होगी। हम अच्छी तरह से तैयार होंगे और एक ऐसी टीम के खिलाफ बराबरी की प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार होंगे जो बहुत अच्छा खेल रही है।

अगस्त में इक्वाडोर के मैनेजर के रूप में स्पेन के फेलिक्स सांचेज की जगह लेने वाले अर्जेंटीना के इस खिलाड़ी ने बताया कि कोलंबिया में कुछ कमजोरियां हैं।

बेकासे ने कहा, उनके पास फॉर्म में चल रहे फॉरवर्ड और विंगर हैं, जो आक्रमण करते समय खतरनाक साबित होते हैं।

डिफेंस में उनके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो शारीरिक रूप से मजबूत हैं और तकनीकी रूप से भी बहुत मजबूत हैं।

लेकिन हम एक टीम के रूप में विकसित हो रहे हैं। हमारे खिलाड़ी बहुत मेहनत कर रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है और बावजूद इसके कि उनमें से अधिकांश बहुत युवा हैं लेकिन उनका खेल अच्छे-अच्छों को पछाड़ने का माद्दा रखता है। हमें उम्मीद है कि हम कोलंबिया के खिलाफ जीत के साथ साल का समापन कर पाएंगे।

# राफेल के लिए ट्रॉफी जीतना मेरे सबसे बड़ी प्रेरणा है : कार्लोस अल्काराज

**मलागा (स्पेन), 17 नवंबर।** कार्लोस अल्कराज ने कहा है कि राफेल नडाल के लिए डेविस कप जीतना उनके लिए 'बहुत बड़ी प्रेरणा' है और वह राफा के फेयरवेल मैच में उनके साथ होने को लेकर उत्साहित हैं। नडाल ने पुष्टि की है कि डेविस कप उनके शानदार करियर का अंतिम टूर्नामेंट होगा और अल्कराज स्पेन के महानतम खेल आइकनों में से एक को शानदार फेयरवेल मैच देने के लिए बेताब हैं।

अल्कराज ने डेविस कप फाइनल 8 मैच के लिए स्पेनिश टीम में शामिल होने के लिए मलागा में उतरने पर कहा, यह शायद मेरे करियर का सबसे खास टूर्नामेंट है, क्योंकि जो हो रहा है, वह बहुत बड़ी चीज है। डेविस कप हमेशा से एक ऐसा टूर्नामेंट रहा है जिसे मैं एक दिन जीतना चाहता हूं। मैं स्पेन का प्रतिनिधित्व



करने के लिए जुनूनी हूं। मैंने कई बार कहा है यह दुनिया की सबसे बड़ी चीजों में से एक है और किसी भी क्षेत्र में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होना खास है। राफा का मेरे साथ होना, यह जानते हुए कि यह उसका आखिरी टूर्नामेंट है, इसे और भी खास बना देगा।

उन्होंने कहा, मैं टीम के लिए हर संभव तरीके से योगदान देने और मदद करने की कोशिश करूंगा। अपने लिए, स्पेन के लिए और खास तौर पर राफा के लिए। कोई भी खिलाड़ी अपने अविश्वसनीय करियर को खिताब के साथ खत्म करने के लिए इससे अधिक का हकदार नहीं है। मैं जानता हूं कि डेविस कप उनके लिए कितना खास है। यह एक कठिन चुनौती होगी लेकिन राफा के लिए इसे जीतना एक बड़ी प्रेरणा है।

नडाल को मालागा में होने वाले डेविस कप फाइनल 8 के लिए स्पेन की टीम में शामिल किया गया था। वह इस प्रतियोगिता में अपने शानदार रिकार्ड को बरकरार रखना चाहेंगे, जिसमें उन्होंने 30 में से 29 एकल मैच और 12 में से आठ युगल मैच जीते हैं। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नडाल ने चोटों के कारण पिछले दो सत्रों में मुश्किल से ही कोई मैच खेला है और 2024 सत्र के अंत में वे खेल से संन्यास ले लेंगे।

अल्कराज और उनके 17 साल सीनियर हमवतन नडाल ने इस साल पेरिस में हुए ओलंपिक में युगल में साथ मिलकर खेला था, हालांकि क्वार्टर फाइनल में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

# महिला बिग बैश लीग में पांच विकेट लेने वाली सबसे कम उम्र की गेंदबाज बनीं लूसी हैमिल्टन

**नई दिल्ली, 17 नवंबर।** ऑस्ट्रेलिया में चल रही महिला बिग बैश लीग में ब्रिसबेन हीट की युवा गेंदबाज लूसी हैमिल्टन ने इतिहास रच दिया है। ये स्टार गेंदबाज टूर्नामेंट के इतिहास में पांच विकेट लेने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं।

लूसी ने रविवार को मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ ब्रिसबेन हीट के लिए सिर्फ 18 साल की उम्र में (5-8) शानदार स्पेल से पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा।

लूसी हैमिल्टन ने मेलबर्न स्टार्स की सभी प्रमुख बल्लेबाजों को आउट किया। उन्होंने सबसे पहले भारत की विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया (8 रन) को बोल्ड किया। इसके बाद कप्तान एनाबेल सदरलैंड (21 रन) भी उनका शिकार बन गईं।



अनुभवी मेग लेनिंग (13 रन) भी लूसी की गेंद पर ही आउट हुईं। टेस फ्लिंटॉफ (7 रन) को आउट करने के बाद भारत की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को भी लूसी ने अपना शिकार बनाया।

तेज गेंदबाज ने अपने चार ओवर के स्पेल में सिर्फ 8 रन दिए और 5 विकेट झटक लिए। इसमें एक मेडन ओवर भी शामिल रहा।

लूसी ने इस टूर्नामेंट से पहले दो वनडे मैचों में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम का प्रतिनिधित्व किया था। जबकि 2023 महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप अभियान में उनके नाम कुल पांच विकेट थे। उन्होंने वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज का रिकॉर्ड तोड़ते हुए टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र में 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले, 2017 डब्ल्यूबीबीएल में 18 साल और 296 दिनों की उम्र में होबार्ट हरिकेंस के लिए खेलते हुए हेली मैथ्यूज ने 3.4 ओवर में 5-19 विकेट लिए थे।

लूसी के शानदार स्पेल की बदौलत विरोधी टीम बड़ा टारगेट सेट नहीं कर पाई। ब्रिसबेन हीट ने 17.4 ओवर में 139 रन का लक्ष्य हासिल किया। इस लक्ष्य को पाने में टीम को छह विकेट और 15 गेंदें शेष रहते जीत मिली। हीट की इस सफलता में भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स का अहम योगदान रहा, जिन्होंने 31 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 45 रन बनाए।

# घरेलू मैदान पर टेस्ट मैचों में बल्लेबाजी करना अब अधिक चुनौतीपूर्ण : स्टीव स्मिथ



**नई दिल्ली, 17 नवंबर।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आगाज से पहले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के शीर्ष बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि घरेलू मैदान पर टेस्ट मैचों में बल्लेबाजी करना अब अधिक चुनौतीपूर्ण है।

भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज से पहले स्टीव स्मिथ ने स्वीकार किया कि घरेलू मैदान पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है। उन्होंने पिचों की बदलती प्रकृति का हवाला दिया। 2020/21 में चार मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराने के बाद टेस्ट में बल्लेबाजी औसत 37.0 से घटकर 28.8 हो गया है। इसके अलावा, 2020/21 सीरीज तक ऑस्ट्रेलिया में प्रति विकेट औसत गेंदें 66.6 थीं और उसके बाद यह भी घटकर 52 हो गई हैं।

भारत की यादगार श्रृंखला जीत से पहले ऑस्ट्रेलिया में प्रति टेस्ट औसत ओवर 347.1 था, और तब से यह घटकर 279.4 हो गया है। स्मिथ ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से बात करते हुए अपना आकलन दिया, विकेट भी शायद तब बेहतर थे, इसलिए आपको आउट करने के लिए अच्छी गेंदें कम थीं। इसमें से बहुत कुछ बल्लेबाजों की गलती थी और उस समय मुझे लगा कि मैं बहुत ज्यादा गलतियां नहीं कर रहा हूं। मुझे लगता है कि मैंने पहले टेस्ट से पहले कहा था, वे मुझे आउट नहीं कर पाएंगे और यह सही साबित हुआ। शायद मुझे यह बात बार-बार कहने की जरूरत है और इस पर टिके रहने की कोशिश करनी चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, 2000 के दशक की शुरूआत से लेकर 2018 के बीच विकेट बहुत अच्छे थे। ऑस्ट्रेलिया में वे गेंदबाजों से ज्यादा बल्लेबाजों के अनुकूल थे, और अब यह उल्टा हो गया है। विकेट और गेंदों पर घास होने के कारण, बल्लेबाज के लिए यह निश्चित रूप से बहुत चुनौतीपूर्ण स्थिति है। दाएं हाथ के ठोस बल्लेबाज ने आगे कहा कि अगर आप अच्छा खेलते हैं तो आप रन बना सकते हैं। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह असंभव है लेकिन मुझे लगा कि उनके लिए मुझे आउट करने के लिए एक बहुत अच्छी गेंद फेंकना मुश्किल था। जबकि अब आपको लगता है कि हर बार एक ऐसी गेंद आती है जिस पर आपका नाम लिखा होता है और आप इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते।

अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने भी कहा कि पिचों और कूकाबुरा की प्रकृति में बदलाव का मतलब है कि गेंदबाजों को टेस्ट और प्रथम श्रेणी के घरेलू खेलों में लाल गेंद को स्विंग करने के लिए ज्यादा प्रयास करने की जरूरत नहीं है।

# ग्लेन मैक्ग्रा ने दी ऑस्ट्रेलिया टीम को विराट कोहली पर दबाव बनाने की सलाह

**नई दिल्ली, 17 नवंबर।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को लेकर टीम इंडिया और मेजबान ऑस्ट्रेलिया एक्शन मोड में है। इस बीच पूर्व ऑस्ट्रेलिया क्रिकेटर और महान तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम को एक खास सलाह दी है। उन्होंने 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलिया से विराट कोहली पर दबाव बनाने पर अधिक फोकस करने के लिए कहा है। विराट कोहली ने इस साल अपने छह टेस्ट मैचों में सिर्फ 22.72 की औसत से रन बनाए हैं, जो ऑस्ट्रेलिया में उनके टेस्ट मैचों के औसत 54.08 से काफी कम है। कोहली इस महीने की शुरूआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर भारत की 0-3 की सीरीज हार में सिर्फ 91 रन बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आए हैं। ऐसे में कोहली पहले से ही अपने खामोश बल्ले के कारण दबाव में हैं और वह हर हाल में ऑस्ट्रेलिया में कमबैक करना चाहेंगे।



शुभमन गिल के अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण पहले टेस्ट से बाहर होने की संभावना है, ऐसे में कोहली पर पर्थ की उछाल भरी और तेज पिच पर भारत के लिए एक बड़ी पारी खेलने का दबाव अधिक होगा। सीओडीई स्पोर्ट्स ने मैकग्रा के हवाले से कहा, अगर वह कोहली के खिलाफ कड़ी मेहनत करते हैं, अगर वह भावनाओं में बह जाएंगे, अगर मैदान पर थोड़ी बहुत बातचीत हो जाएगी, तो शायद वह खुद को संभाल लें। लेकिन मुझे लगता है कि विराट शायद थोड़ा दबाव में हैं और अगर मेजबान टीम शुरूआत में उन पर लगाम लगाती है, तो वह और अधिक दबाव में आ सकते हैं। वह काफी भावुक खिलाड़ी हैं। जब वह फॉर्म में होते हैं, तो वह अलग हैं, और जब वह अपनी लय में नहीं होते हैं, तो विराट थोड़ा संघर्ष करते हैं।

पूर्व पेसर का यह भी मानना है कि अगर ऑस्ट्रेलिया को भारत को जीत की हैट्रिक लगाने से रोकना है, तो उन्हें अपनी आक्रामकता बढ़ानी होगी।

ग्लेन मैक्ग्रा ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है, खासकर न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से हारने के बाद भारत अभी दबाव में है। हमारे पास इसका फायदा उठाने का मौका है। इसलिए उन पर दबाव डालें और देखें कि वे इसके लिए तैयार हैं या नहीं। पर्थ में सीरीज के पहले मैच के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया एडिलेड (गुलाबी गेंद वाला मैच), ब्रिसबेन, मेलबर्न और सिडनी में बाकी चार टेस्ट मैच खेलेंगे।

# रुड को हराकर एटीपी फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में पहुंचे सिनर

**ट्यूरिन, 17 नवंबर।** जैनिक सिनर अपने शानदार सत्र का अंत करने से एक कदम दूर हैं। उन्होंने कैस्पर रुड को 6-1, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे साल एटीपी फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया।



अपने ऐतिहासिक सत्र की 69वीं जीत के साथ 23 वर्षीय खिलाड़ी 2002 में 20 साल के लेटन हेविट के बाद वर्ष के अंत में होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कई खिताबी मुकाबले तक पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए।

एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, सिनर और 2024 में आठवें टूर-लेवल खिताब के बीच अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज खड़े हैं। अपने पिछले 26 मैचों में से 25 मैच जीतने वाले सिनर ने राउंड-रॉबिन चरण में फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराया है और इस इवेंट में अपराजित चैंपियन बनने की कोशिश कर रहे हैं।

शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी 2018 में रिकॉर्ड सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच के बाद से बिना कोई सेट गंवाए फाइनल में पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं।

एक साल पहले, सिनर ने राउंड-रॉबिन चरण में जोकोविच को हराया था लेकिन ट्यूरिन में फाइनल में सर्बियाई खिलाड़ी से हार गए थे। तब से, उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन में मेजर जीते हैं और पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंचने वाले इतिहास के पहले इटालियन बन गए हैं।

सिनर को उम्मीद है कि वह रविवार को फ्रिट्ज के खिलाफ खिताबी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करेंगे और अगले सप्ताह मैलागा में डेविस कप फाइनल के साथ वर्ष का समापन करेंगे।

# 'मैं विराट को ऑस्ट्रेलिया में शतक बनाते देखना चाहूंगा' : जॉनसन

**नई दिल्ली, 17 नवंबर।** टेस्ट क्रिकेट में खराब फॉर्म से जूझ रहे विराट कोहली पर ऑस्ट्रेलिया में रन बनाने का बहुत अधिक दबाव है। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने किंग कोहली का समर्थन किया है।



मिचेल जॉनसन ने कहा कि वह सोच में है कि क्या मौजूदा स्थिति विराट कोहली को 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के लिए शीर्ष स्कोरर बनने के लिए जरूरी दृढ़ संकल्प देगी।

कोहली ने इस साल छह टेस्ट मैच खेले हैं जिनमें उनका औसत 22.72 का रहा है। यह उनके ओवरऑल टेस्ट औसत और ऑस्ट्रेलिया में उनके टेस्ट औसत से काफी कम है। दिग्गज बल्लेबाज का टेस्ट मैचों में करियर औसत 47.83 है। ऑस्ट्रेलिया में इससे पहले चार दौरों में उन्होंने 54.08 की औसत से रन बनाए। लेकिन इस बार न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर खराब प्रदर्शन कहीं न कहीं उनके दिमाग में रहेगा। कीवी टीम के खिलाफ घरेलू सीरीज में भारत 3-0 से हार गया था जिसमें विराट का कुल योगदान महज 91 रन का रहा।

जॉनसन ने 'द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन' में अपने कॉलम में रविवार को लिखा, उनका फॉर्म हाल के दिनों में बहुत अच्छा नहीं रहा है। मुझे आश्चर्य है कि क्या यह स्थिति उन्हें वह दृढ़ संकल्प देगी जिसकी उन्हें आवश्यकता है या इससे वह और दबाव में आ जाएंगे।

# नेशंस लीग : जर्मनी ने हासिल की रिकॉर्ड जीत नीदरलैंड भी जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा



**फ्रीबर्ग, 17 नवंबर।** जर्मनी ने नेशंस लीग में सबसे बड़ी जीत दर्ज करके पहला स्थान हासिल किया। जूलियन नागेल्समैन की टीम ने बोस्निया और हर्जेगोविना को 7-0 से हराया। जर्मनी ने नेशंस लीग के छह साल के इतिहास में पहली बार एक मैच में सात गोल किए।

इस जीत से पहले ही जर्मनी ने क्वार्टर-फाइनल में जगह पक्की कर ली थी, लेकिन इस जीत ने उन्हें ग्रुप विजेता बना दिया। अब मार्च में अगले चरण में उनका मुकाबला किसी रनर-अप टीम से होगा।

पहले हाफ में जमाल मुसियाला के हेडर, टिम क्लाइनडीनस्ट के डिफ्लेक्शन (जो उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल था) और काई हावट्र्ज.के शानदार फिनिश से जर्मनी ने बढ़त बनाई। दूसरे हाफ में भी जर्मनी का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। वहीं, इस हार ने बोस्निया-हजेगोविना को लीग ए से बाहर कर दिया है। हार के बाद बोस्निया-हजेगोविना नेशंस लीग के दूसरे स्तर पर चला जाएगा।

दूसरी तरफ, तुर्किये और वेल्स के मैच में 0-0 का ड्रॉ रहा। अब ग्रुप बी4 में पहले और दूसरे स्थान की टीमों के बीच सिर्फ दो अंकों का अंतर है। वहीं, स्वीडन ने स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर लीग बी में प्रमोशन पक्का कर लिया। इसके अलावा एक दूसरे मैच में नीदरलैंड ने हंगरी पर शानदार 4-0 की जीत के साथ यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर-फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

पहले हाफ में वाउट वेघोर्स्ट और कोडी गक्पो ने दो पेनल्टी गोल करके मेजबान टीम को बढ़त दिलाई। फिर डेंजल डम्फ्रीज ने 60वें मिनट के बाद तीसरा गोल कर दिया। इसके बाद आखिरी क्षणों में सब्स्टीट्यूट ट्यून कूपमाइनर्स ने डम्फ्रीज के सटीक क्रॉस पर हेडर से चौथा गोल कर मैच का स्कोर 4-0 कर दिया। इस तरह नीदरलैंड ने 4-0 की जीत के साथ नेशंस लीग क्वार्टर-फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

हंगरी के स्टाफ मेंबर एडम सालाई अचानक बीमार पड़ने के कारण जोहन क्रुइजफ एरिना में खेले गए इस मैच को शुरूआत में कुछ समय के लिए रोका गया था। हालांकि, उनकी हालत स्थिर होने के बाद खेल दोबारा शुरू हुआ।

# वैशाली का शुभ विवाह गौरव कृष्ण के साथ धूमधाम से संपन्न



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** डीएसपी अनिल यादव ओर ऊषा यादव की सुपुत्री वैशाली का शुभ विवाह शनिवार को कानपुर निवासी ज्ञान सिंह यादव ओर पुष्पा यादव के सुपुत्र गौरवकृष्ण के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। शनिवार को वसुंधरा के बैंकेट हॉल में शुभ विवाह संपन्न हुआ। राजनीति,पुलिस, प्रशासन तथा समाज के सभी वर्गो के गणमान्य लोगों ने वर वधु को आशीर्वाद दिया।

## ऑनलाइन ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

# सरिया बेचने के नाम पर 15 लाख ठगे, 29 एटीएम कार्ड बरामद



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** क्राइम ब्रांच ने बिहार से दो ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो सरिया बचने के नाम पर ऑनलाइन वेबसाइट बनकर ठगी किया करते थे। गाजियाबाद के एक शख्स से इन्होंने 15 लाख रुपए की ठगी की थी। पुलिस पूछताछ में पता चला है की कोविड के समय इन्होंने ऑक्सीजन सिलेंडर बेचने और पतंजलि योगपीठ में भर्ती करवाने के नाम पर भी लोगों से साइबर धोखाधड़ी की थी। जिनके कब्जे से 29 एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। गाजियाबाद में एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि गाजियाबाद के रहने वाले सुभाष त्यागी ने एक मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि उनसे सरिया देने के नाम पर 14 लाख 90 हजार रुपए की ठगी हुई है। इसके बाद पुलिस इस मामले के खुलासे के लिए लगातार लगी थी। गाजियाबाद के थाना साइबर क्राइम को इसकी जांच दी गई थी।

थाना साइबर क्राइम पुलिस ने बिहार के नवादा से छोटेलाल और राजेश रंजन को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक इन लोगों ने जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के नाम से फर्जी वेबसाइट बनाई थी। साथ यह वेबसाइट सबसे अधिक दिखे और ऊपर रहे इसके लिए यह गूगल पर ऐड भी देते थे। जब कोई आदमी इस वेबसाइट को सर्च करता था तो उसको यह झांसे में लेकर पैसे ले लेते थे। साथ ही जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड का फर्जी बिल उसको भेजा करते थे। आरोपियों के कब्जे से 29 एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपी राजेश रंजन का काम भोले वाले लोगों के अकाउंट खुलवाकर उनमें यह धोखाधड़ी वाला पैसा लेना हुआ करता था। राजेश रंजन कुल पैसों का 15 फीसदी अपने पास रखा करता था।

# पुरानी रंजिश में चलाई गोली युवक के लगी दो गोलियां , हालत गंभीर




हापुड़। हापुड़ के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव लाखन में पुरानी दुश्मनी के चलते एक युवक को गोली मार दी गई। घायल युवक को दो गोलियां लगी हैं। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### जान से मारने की धमकी दी

गांव लाखन के निवासी मनजीत ने बताया कि मनीष राणा से उनकी पुरानी रंजिश चल रही है। शनिवार रात, मनजीत का भाई अमित मंदिर के पास खजूर के पेड़ के पास बैठा था। तभी मनीष और अनुज वहां पहुंचे। गाली-गलौज करने लगे। जब अमित ने इसका विरोध किया, तो दोनों ने उस पर गोलियां चला दीं। अमित के दाहिने हाथ और पीठ पर दो गोलियां लगीं। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लेकिन आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। पीड़ित की शिकायत पर मनीष और अनुज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी रघुराज सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम काम कर रही है।

## युवक पर लाठी-डंडों से किया हमला



**हापुड़।** हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर इलाके में एक स्पेयर पार्ट्स की दुकान पर काम कर रहे युवक पर दबंगों ने हमला कर दिया। हमले में युवक घायल हो गया। यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित का नाम विकास (गांव सिकंदरपुर निवासी) है। शिव शक्ति स्पेयर पार्ट्स की दुकान, गढ़ कोतवाली के पास ये घटना हुई है। चार दबंग युवक, जो बाइक पर सवार थे। डंडे व बेल्ट लेकर मौके पर आए थे।

### जल्द आरोपी होंगे गिरफ्तार

दबंगों ने दुकान में घुसकर विकास के साथ गाली-गलौच, मारपीट और तोड़फोड़ की। घटना के दौरान पीड़ित घायल हो गया। लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने गढ़ कोतवाली में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार बोले मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि दोषियों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाएगा।

## चाकू से गोदकर युवक की हत्या

# रात को घर से हुआ था गायब, सुबह खेत में लहूलुहान अवस्था में मिला शव

**नोएडा।** नोएडा के थाना एक्सप्रेस वे क्षेत्र के अंतर्गत गांव के पास ही एक युवक का शव खून से लथपथ मिला। परिजनों ने आरोप लगाया की चाकू से गोदकर युवक की हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है, बताया जा रहा है कि युवक रात में घर से गायब हो गया था । थाना एक्सप्रेस में क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर 168 मंगरौली गांव में एक घर के पास बने हुए घेर में युवक का शव मिला। युवक की पहचान अजीत उर्फ जीतू (28) के रूप में हुई, जो मंगरौली गांव का रहने वाला था। बताया जा रहा है की रात्रि में वह गायब हो गया था, उसके परिजनों ने तलाश किया लेकिन वह नहीं मिला था और इसके बारे में पुलिस से भी शिकायत की गई थी लेकिन आज सुबह उसका शव घर के पास ही एक घेर में लहूलुहान अवस्था में मिला। परिजनों ने बताया गया कि अजीत की चाकू से गोदकर हत्या की गई है और उन लोगों ने कुछ लोगों पर शक भी जताया गया है। युवक के शव की सूचना मिलते ही एक्सप्रेस वे थाना पुलिस और आलाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए, साथी ही फील्ड यूनिट टीम ने मौके का निरीक्षण किया गया और फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। फिलहाल मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।



# वीपीएन के जरिए अवैध सामग्री देखना शरिया के खिलाफ हुआ, पाकिस्तान में निकले फतवे से लोग नाराज

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान लंबे समय से आर्थिक संकट से जूझ रहा है। हालांकि, यहां सरकार, सेना और धार्मिक संगठनों की नजर इन परेशानियों को सुलझाने के बजाय लोगों की रोजमर्रा की जरूरत की चीजों के खात्मे की ओर ज्यादा रही है।

सरकार की तरफ से अलग अलग वक्त पर एक्स समेत कई वेबसाइटों और एप्स को बैन करने का फरमान सुनाया जाता रहा है। हालांकि, अब इन मसलों पर धार्मिक संगठन भी घुस गए हैं, जिसे लेकर पाकिस्तान की आवाम में जबरदस्त गुस्सा है।

ताजा मामला पाकिस्तान के एक संवैधानिक धार्मिक संस्थान से जुड़ा है, जिसने इंटरनेट के लिए इस्तेमाल होने वाले वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) को ही इस्लाम विरोधी बता दिया और इसे लेकर फतवा जारी कर दिया।



**पाकिस्तान के डॉन अखबार के मुताबिक, सीआईआई के प्रमुख रघी नईमी ने कहा कि वीपीएन के जरिए इंटरनेट पर अवैध सामग्री देखना शरिया के खिलाफ है**

### पाकिस्तानी सरकार के आदेश के बाद उठा वीपीएन का मुद्दा

पाकिस्तान में वीपीएन का मुद्दा तब उठा, जब गृह मंत्रालय ने देश में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर निगरानी रखने वाले टेलीकॉम प्राधिकरण से इसके अवैध इस्तेमाल पर रोक लगाने और कार्रवाई करने का आदेश दिया। सरकार का कहना था कि वीपीएन का अवैध इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने के लिए किया जा रहा है।

बता दें कि वीपीएन का इस्तेमाल किसी देश में प्रतिबंधित सामग्री, वेबसाइट या एप को चलाने में किया जाता है।

इसे लेकर पाकिस्तान में काउंसिल ऑफ इस्लामिक आइडियोलॉजी (इस्लामी विचारधारा परिषद), जो कि धर्म से जुड़े शिक्षण और अन्य मुद्दों पर सरकार को सलाह भी देता है, की तरफ से फतवा लोगों को पसंद नहीं आया है।

यहां तक कि डिजिटल अधिकारों से जुड़े कार्यकताओं और कुछ धार्मिक नेताओं ने भी इसका विरोध किया है।

पाकिस्तान के डॉन अखबार के मुताबिक, सीआईआई के प्रमुख रघी नईमी ने कहा कि वीपीएन के जरिए इंटरनेट पर अवैध सामग्री देखना शरिया के खिलाफ है।

सोशल मीडिया पर एक बयान में पाकिस्तान के जाने-माने धार्मिक नेता मौलाना तारिक जमील ने कहा कि अगर वयस्क सामग्री या ईशनिंदा से जुड़ी सामग्री देखना ही मुद्दा है तो वीपीएन से पहले मोबाइल फोन को भी इस्लाम विरोधी घोषित कर देना चाहिए।

दूसरी तरफ पाकिस्तान के एक सांसद और शिया संगठन मजलिस वहादत मुस्लिमीन के प्रमुख अल्लमा नसीर अब्बास ने कहा कि देश को अयोग्य और भ्रष्ट उच्च वर्ग चला रहा है, जो लोगों के असल प्रतिनिधि भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वह ऐसे कानून बनाते हैं और फतवे का इस्तेमाल अपने मन से करते हैं।

टेलीकॉम कंपनी नयाटेल के सीईओ वहाज सिराज ने कहा कि तकनीक हमेशा से निष्पक्ष रही है। और सिर्फ इसके गलत इस्तेमाल को हलाल या हराम कहा जा सकता है।

# अमेरिका ने भारत को लौटाई 1,440 प्राचीन वस्तुएं, मूर्तियां भी शामिल, 84 करोड़ रुपये से अधिक है कीमत

**नई दिल्ली ।** तस्करी के जरिये अमेरिका पहुंची भारत की कम से कम 1,440 प्राचीन वस्तुएं जल्द ही स्वदेश वापस लाई जाएंगी। इनकी कुल कीमत एक करोड़ डॉलर यानी 84.47 करोड़ रुपये आंकी गई है।

मैनहट्टन डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी एल्विन एल ब्रैग जूनियर ने बताया कि ये वस्तुएं न्यूयॉर्क सांस्कृतिक संपत्ति, कला और पुरावशेष समूह की गृह सुरक्षा जांच समूह पर्यवेक्षक एलेक्जेंड्रा डीआर्मस की मौजूदगी में भारतीय महावाणिज्य दूतावास के अधिकारी मनीष कुलहरी को सौंप दिए गए।

ब्रैग ने बताया कि ये वस्तुएं कई आपराधिक तस्करी नेटवर्क की जांच में बरामद की गईं। तस्करों में सुभाष कपूर और नैन्सी वीनर भी शामिल थे। ब्रैग के मुताबिक, इस साल के शुरू में बरामद करीब 600 प्राचीन वस्तुएं भी भारत को जल्द ही लौटा दी जाएंगी।

भारत को लौटाई गई प्राचीन वस्तुओं में 1980 के दशक में मध्य



प्रदेश के मंदिर से लूटी गई बलुआ पत्थर की देव नर्तकी की मूर्ति के साथ ही 1960 के दशक में राजस्थान के तनेसरा-महादेव गांव से लूटी गई हरे-भूरे रंग की परतदार चट्टान से उकेरी गई तनेसर देवी की मूर्ति शामिल हैं।

### तस्करी आसान बनाने के लिए काट दी थी मूर्ति

लुटेरों ने देव नर्तकी की मूर्ति को दो हिस्सों में काट दिया था। इन दोनों हिस्सों को फरवरी, 1992 में अवैध तरीके से लंदन से न्यूयॉर्क ले जाया गया।

# परमाणु हथियारों पर नियंत्रण, राष्ट्रपति के तौर पर आखिरी बैठक में जिनपिंग से ऐसा क्यों बोले बाइडन

**लीमा ।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन शनिवार को पेरू में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिले। दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग सम्मेलन (एपीईसी) से इतर बैठक की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिनपिंग ने इस बैठक के दौरान कहा कि चीन नए डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ काम करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि चीनी सरकार संचार बनाए रखने, सहयोग को बढ़ाने और मतभेदों को कम करने के लिए काम करेगी। इतना ही नहीं दोनों नेताओं के बीच परमाणु हथियारों के नियंत्रण को लेकर भी चर्चा हुई।

### दोनों के बीच क्या बात हुई?

अमेरिका और चीन के राष्ट्राध्यक्षों के बीच इस बात पर सहमति बनी की परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का



फैसला कभी भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के भरोसे पर नहीं छोड़ा जा सकता। इसका फैसला हमेशा इंसानों को करना चाहिए। दोनों नेताओं ने तकनीक से जुड़े इन मामलों में जिम्मेदारीपूर्ण रवैया अपनाने पर बात की।

व्हाइट हाउस की तरफ से जारी बयान में कहा गया, ₹दोनों नेताओं ने एआई तकनीक को सैन्य क्षेत्र में जिम्मेदारी से विकसित करने और इसके जोखिमों को सावधानी से समझने पर सहमति जताई।₹ बता दें कि चीन लंबे समय से अपने परमाणु जखीर को मजबूत कर रहा है। वहीं, अमेरिका पहले से ही परमाणु हथियारों में संपन्न रहा है। हालांकि, बाइडन प्रशासन काफी समय से रूस और चीन के साथ परमाणु हथियारों के उत्पादन पर रोक लगाने के लिए चर्चा चाहता था।

बाइडन के साथ जिनपिंग की परमाणु हथियारों को लेकर चर्चा पर चीन की तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि, बाइडन की कोशिशों के बाद नवंबर में दोनों देशों के बीच कुछ समय के लिए परमाणु हथियारों पर आधिकारिक बातचीत हुई थी। इसके बाद से ही समझौते अटके हुए हैं। अमेरिका ने चीन पर प्रतिक्रिया न दने का भी आरोप लगाया है।

# भारत-अमेरिका सबसे अच्छे दोस्त, ट्रंप के हिंदू समर्थकों ने शिकागो में मनाया जीत का जश्न

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने जीत हासिल की। इसी के साथ वे दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने वाले हैं। इससे पहले वे 2017 में राष्ट्रपति बने थे।

डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने की खुशी में हिंदू धर्म के सदस्य शिकागो में जश्न मना रहे हैं। भारतीय-अमेरिकी उद्योगपति शलभ कुमार ने इसका एक वीडियो साझा किया। रिपब्लिकन हिंदू गठबंधन के 1500 सदस्यों ने ट्रंप की जीत का जश्न मनाया। उन्होंने भारत-अमेरिका के संबंधों पर प्रतिक्रिया देते हुए दोनों देशों को एक-दूसरे का अच्छा दोस्त बताया।

सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करते हुए भारतीय-अमेरिकी उद्योगपति



शलभ कुमार ने कहा, ₹कल रात 1500 रिपब्लिकन हिंदी गठबंधन के सदस्यों ने शिकागो के कैरोल स्ट्रीम में महाराणा प्रताप रोनाल्ड रीगन सामुदायिक केंद्र में ट्रम्प 2.0 की जीत का जश्न मनाते हुए डांस किया।₹ इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। शलभ कुमार के अनुसार, 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में बताया गया कि अमेरिका में 85 प्रतिशत से अधिक हिंदुओं ने डोनाल्ड ट्रंप को वोट दिया, जिससे उन्हें जीत मिली।

### भारत-अमेरिका के संबंधों को मजबूत करने पर जताया भरोसा

भारत अमेरिका के संबंधों को मजबूत करने का भरोसा जताते हुए रिपब्लिकन हिंदू गठबंधन के संस्थापक शलभ कुमार ने कहा, ₹इसमें कोई सवाल नहीं। यह बदलाव दुनिया की दिशा बदल देगा। भारत और अमेरिका अच्छे दोस्त हैं।₹ उन्होंने पहले भी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर खुशी व्यक्त की थी। इस दौरान उन्होंने ट्रंप के समर्थन पर जोर दिया और कहा, ₹हमारी पार्टी इस बात से सबसे ज्यादा उत्साहित है कि यह जीत महज एक हजार वोटों से नहीं हुई। हर जगह सैकड़ों-हजारों वोटों से जीत हुई।₹ उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप की जीत का श्रेय हिंदू अमेरिकी मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित करने वाले आधिरी मिनट के अभियान को दिया। हिंदू वोटों को कमला हैरिस से डोनाल्ड ट्रंप के पक्ष में स्थानांतरित करने का था लक्ष्य शलभ कुमार ने कहा, ₹हमारा लक्ष्य पेंसिल्वेनिया, मिशिगन और विस्कॉन्सिन में कम से कम 200,000 से अधिक हिंदू वोटों को कमला हैरिस से डोनाल्ड ट्रंप के पक्ष में स्थानांतरित करना था और यह हुआ भी। उन्होंने कमला हैरिस को लेकर एक आलोचनात्मक ट्वीट भी किया था।

# ब्राजील की प्रथम महिला ने एलन मस्क को दी गाली, अरबपति कारोबारी ने दी गजब प्रतिक्रिया

**रियो डी जेनेरियो ।** ब्राजील की प्रथम महिला यानी कि ब्राजील के राष्ट्रपति की पत्नी जानजा लुला डा सिल्वा ने एक कार्यक्रम के दौरान अरबपति कारोबारी एलन मस्क के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया। जानजा लुला डा सिल्वा का मस्क को अपशब्द कहते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यहां तक कि एलन मस्क ने भी इस वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

### मस्क ने कहा- अगला चुनाव हारने जा रहे हैं लुला

दरअसल ब्राजील जी20 सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इसके तहत ब्राजील की सरकार जी20 के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

ऐसे ही एक कार्यक्रम में ब्राजील





के राष्ट्रपति लुला डा सिल्वा की पत्नी जानजा लुला डा सिल्वा भी शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने एलन मस्क की आलोचना की और उनके लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया। दरअसल ब्राजील में मस्क की सोशल मीडिया कंपनी एक्स विवादों के घेरे में हैं।

वहीं ब्राजील की प्रथम महिला की इस वीडियो पर एलन मस्क ने जोर से मुस्कुराते हुए इमोजी पोस्ट की। एक अन्य पोस्ट में मस्क ने ब्राजील के राष्ट्रपति को लेकर कहा कि वे अगला चुनाव हारने जा रहे हैं।

एलन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी एक्स ब्राजील में विवादों में है। इस साल तो ब्राजील में एक्स को एक महीने के लिए निलंबित भी कर दिया गया था। दरअसल एक्स पर ब्राजील के कानूनों का पालन न करने, कानूनी

**ब्राजील में विवादों में है मस्क की सोशल मीडिया कंपनी एलन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी एक्स ब्राजील में विवादों में है। इस साल तो ब्राजील में एक्स को एक महीने के लिए निलंबित भी कर दिया गया था**

प्रतिनिधी की नियुक्ति न करने और फर्जी खबरें फैलाने वाले अकाउंट्स पर रोक लगाने वाले अदालत के आदेश की अवहेलना के भी आरोप हैं।

ब्राजील की प्रथम महिला जानजा का सोशल मीडिया अकाउंट बीते साल हैक हो गया था, जिसके लिए उन्होंने सोशल मीडिया कंपनी एक्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी भी दी थी।

वहीं ब्राजील के राष्ट्रपति लुला डा सिल्वा ने भी अपनी पत्नी के बयान की आलोचना की और कहा कि हमें किसी को भी इस तरह बेइज्जत नहीं करना चाहिए। जानजा ने अभी तक अपने बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# 17 साल में पहले भारतीय पीएम के नाइजीरिया पहुंचने की खुशी; स्वागत में लावणी, तिरंगा समेत बहुत कुछ

**अबुजा ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को नाइजीरिया की राजधानी अबुजा पहुंचे। अबुजा में पीएम मोदी का गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागात हुआ। प्रधानमंत्री को अबुजा के 'शहर की चाबी' भेंट की गई। यह चाबी नाइजीरिया के लोगों द्वारा प्रधानमंत्री को दिए गए विश्वास और सम्मान का प्रतीक है। नाइजीरिया में मराठी समुदाय द्वारा मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया गया। प्रधानमंत्री के सामने पारंपरिक लावणी नृत्य प्रस्तुत किया गया।

17 सालों में नाइजीरिया की यात्रा करने वाले पहले भारतीय बने पीएम मोदी, जब अबुजा एयरपोर्ट पहुंचे वहां भारतीय मूल के नागरिकों ने गर्मजोशी के साथ पीएम मोदी का स्वागत किया। वहां उपस्थित लोगों में उत्साह देखने को मिला। पीएम मोदी ने अपना हाथ दिखाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

अबुजा एयरपोर्ट पर पहुंचने के



बाद भारती मूल के नागरिकों द्वारा अभिवादन स्वीकार करने के दौरान पीएम मोदी बच्चों को दुलार करते दिखें।

पीएम मोदी के अबुजा पहुंचते हीं लोगों ने मोदी-मोदी के नोरे लगाने शुरू कर दिए। पीएम मोदी अभिवादन स्वीकार करते समय वहां उपस्थित बुजुर्ग महिला से आशिर्वाद लेते हुए भी दिखें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की यात्रा पर रवाना होने से पहले कहा कि उन्हें ब्राजील में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में सार्थक चचाओं का इंतजार है। पीएम मोदी की पांच दिवसीय यात्रा में पहला गंतव्य नाइजीरिया है। अबुजा पहुंचने से पहले पीएम मोदी ने कहा कि यह यात्रा हमारी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने का अवसर होगी।

पीएम मोदी के नाइजीरिया में पहुंते ही सैकड़ों भारतीय मूल के नागरिक उनके स्वागत में पहुंचे। जहां कई लोगों की तस्वीरों पर पीएम मोदी ऑटोग्राफ देते दिखे।

# जलवायु संकट को नहीं मानने वाले क्रिस राइट होंगे ट्रंप के नए ऊर्जा मंत्री, पर्यावरणविदों की बढ़ेगी चिंता

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन को शक की निगाह से देखने वाले क्रिस राइट को नया ऊर्जा मंत्री बनाया है। ट्रंप ने राइट को लालफीताशाही को कम करने और जीवाश्म ईंधन में निवेश को बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी है। ट्रंप ने शनिवार को ऊर्जा सचिव के रूप में क्रिस राइट को नामित किया। ट्रंप ने एक बयान में कहा, 'ऊर्जा मंत्री के रूप में, क्रिस एक प्रमुख नेता होंगे, जो नवाचार को आगे बढ़ाएंगे, लालफीताशाही को कम करेंगे और अमेरिकी समृद्धि और वैश्विक शांति के नए स्वर्ण युग की शुरूआत करेंगे।'

गौरतलब है कि क्रिस राइट लिबर्टी एनर्जी के संस्थापक हैं। यह कंपनी ऊर्जा कंपनियों के लिए काम करती है और फ्रैकिंग तकनीक से तेल और गैस निकालने का व्यापार करती है। फ्रैकिंग तकनीक तेल और गैस उत्पादन की एक विधि है जिसमें भारी मात्रा में पानी - रेत और जहरीले



रसायनों के साथ मिश्रण को उच्च दबाव में धरती की गहराई में फेंका जाता है। फ्रैकिंग जमीन के भीतर मौजूद चट्टान संरचनाओं को तोड़ती है। जिससे तेल और गैस निकलती है। फ्रैकिंग तकनीक को लेकर आरोप लगते हैं कि यह हमारी हवा, पानी और जलवायु को भी प्रदूषित करती है और वन्यजीवों और मानव स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर डालती है। ट्रंप द्वारा ऊर्जा मंत्री बनाए जाने के बाद राइट ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए मेरा समर्पण दृढ़ है, जिसमें अमेरिकी ऊर्जा को अधिक किफायती, विश्वसनीय और सुरक्षित बनाने पर ध्यान केंद्रित करूंगा।'

### जलवायु संकट को नहीं मानते

राइट ने लिखा कि 'ऊर्जा जीवन की वह शक्ति है, जो जीवन में सब कुछ संभव बनाती है। मैं काम करने के लिए उत्सुक हूं।' उल्लेखनीय है कि क्रिस राइट जलवायु परिवर्तन की बात को नकार चुके हैं। क्रिस राइट ने अपने एक बयान में कहा था कि 'कोई जलवायु संकट नहीं है और हम ऊर्जा परिवर्तन के दौर से भी नहीं गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्बन को प्रदूषण कहना अपमानजनक है क्योंकि सारा जीवन ही कार्बन डाइ ऑक्साइड पर रहा है।

दुनिया में कुछ भी स्वच्छ ऊर्जा और दूषित ऊर्जा जैसा नहीं है, सारे ऊर्जा के स्त्रोत दुनिया पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही तरह का असर डालते हैं।

# एक महीने में दूसरी बार पीएम नेतन्याहू के घर पर हमले की कोशिश, पहले ड्रोन तो अब फ्लैश बम से बनाया निशाना

**यरुशलम ।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के घर को बम से निशाना बनाया गया है।

जानकारी के मुताबिक, उत्तरी इस्राइली शहर कैसरिया में नेतन्याहू के घर की ओर दो फ्लैश बम दागे गए। गनीमत रही कि बम घर के बाहर बगीचे में ही गिर गए। पुलिस ने बताया कि घर पर कोई मौजूद नहीं था। फिलहाल किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### पिछले महीने भी किया गया हमला

इस घटना से पहले 19 अक्तूबर को इसी आवास को निशाना बनाया गया था। तब इस पर ड्रोन के जरिए हमले की कोशिश की गई थी।

इसकी जिम्मेदारी ईरान समर्थित हिजबुल्ला ने ली थी। तब नेतन्याहू ने हिजबुल्ला पर उनकी और उनकी पत्नी की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था।



**इस घटना से पहले 19 अक्तूबर को इसी आवास को निशाना बनाया गया था। तब इस पर ड्रोन के जरिए हमले की कोशिश की गई थी**

बता दें कि 23 सितंबर के बाद से इस्राइल ने लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमले तेज कर दिए हैं।

घटना की राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने निंदा की। उन्होंने कहा कि जांच की जा रही है। इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने कहा कि अब हद की सीमा पार हो चुकी है। अब सब्र का बांध टूट चुका है। उन्होंने सुरक्षा और न्यायिक एजेंसियों से जरूरी और कठोर कदम उठाने को कहा है। नेतन्याहू सरकार में मंत्री इतामार बेन-गविर ने कहा कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ उकसावे की कार्रवाई ने सभी हदों को पार कर दिया है। उनके घर पर फ्लैश बम दागना हमारे सब्र की परीक्षा लेने जैसा है।

### राष्ट्रपति समेत मंत्रियों ने की निंदा

घटना की राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने निंदा की। उन्होंने कहा कि जांच की जा रही है। इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने कहा कि अब हद की सीमा पार हो चुकी है। अब सब्र का बांध टूट चुका है। उन्होंने सुरक्षा और न्यायिक एजेंसियों से जरूरी और कठोर कदम उठाने को कहा है। नेतन्याहू सरकार में मंत्री इतामार बेन-गविर ने कहा कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ उकसावे की कार्रवाई ने सभी हदों को पार कर दिया है। उनके घर पर फ्लैश बम दागना हमारे सब्र की परीक्षा लेने जैसा है।

### सुरक्षा एजेंसियों ने क्या कहा?

सुरक्षा एजेंसियों ने बताया कि शनिवार को कैसरिया शहर में स्थित नेतन्याहू के आवास के पास दो बम गिराए गए। यह घटना काफी गंभीर है। पुलिस और शिन बेट आंतरिक सुरक्षा एजेंसी के संयुक्त बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री के आवास के बाहर गार्डन में दो फ्लेयर्स गिरे।

घटना के समय प्रधानमंत्री और उनका परिवार घर में नहीं था। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। यह एक गंभीर घटना है और इसके गंभीर परिणाम होना तय है।

# ग्राम डूंडाहेड़ा में भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के समर्थन में हुई शानदार बैठक

## ग्रामवासियों के भारी समर्थन को देख संजीव शर्मा बोले रिकॉर्ड जीत निश्चित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के पक्ष में लगातार माहौल तेजी से बढ़ रहा है जिसको देखते हुए कहा जा सकता है कि भाजपा के आगे विपक्षियों को बेहद मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है। इस क्रम में अमित त्यागी ने डुंडाहेड़ा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। इस मौके पर संजीव शर्मा ने कहा कि डूंडाहेड़ा धर्मशाला में अमित त्यागी और कुणाल त्यागी द्वारा आयोजित बैठक में सम्मिलित होने का अवसर मिला। इस विशेष बैठक में विधान परिषद सदस्य अश्वनी त्यागी, विधायक अजीत पाल त्यागी, राजेंद्र त्यागी, अमरीश त्यागी और ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी जैसे सम्माननीय व्यक्तित्वों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। आप सभी के समर्थन और स्नेह से गाजियाबाद के विकास का यह कारवां निरंतर आगे बढ़ रहा है। 20 नवंबर को 2 नंबर पर कमल के निशान का बटन दबाएं और इस संकल्प को सशक्त बनाएं। वही सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम संयोजक साहिल त्यागी, तरुण शर्मा, अनुज त्यागी, राहुल त्यागी को धन्यवाद दिया।

# राज्यमंत्री पहुंचे रुद्रप्रताप सिंह त्यागी के आवास, हुआ जोरदार स्वागत



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व भाजपा के जिलाध्यक्ष रविवार को भाजपा नेता रुद्रप्रताप सिंह त्यागी के आवास पर पंहुचे। उनका यहां जोरदार स्वागत किया गया। रविवार को प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल व गाजियाबाद भाजपा जिला अध्यक्ष सत्यपाल प्रधान भाजपा के वरिष्ठ नेता रुद्रप्रताप सिंह त्यागी के आवास कस्बा निवाड़ी पहुंचे और कई अहम राजनीतिक बिंदुओं पर नेताओं ने आपस में चर्चा की। इस दौरान दोनों नेताओं का यहां भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता व रुद्रप्रताप के पिता विवेक त्यागी ने भी प्रदेश के राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करते हुए अपने विचार रखें। संभावना जताई जा रही है कि जल्दी ही किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से रूद्रप्रताप सिंह त्यागी को नवाजा जा सकता है। दोनों वरिष्ठ नेताओं के आगमन को लेकर राजनीतिक गलियारे में चचाओं का बाजार गर्म हो गया है।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इलेक्शन के बाद बदलेगा भगवा सियासत में सीन? आप यकीन करो कुछ बड़े फूल हो जाएंगे अनसीन? कहानी के सभी किरदारों पर है दिल्ली लखनऊ से नजर? आप केवल ये मत मान कर चलना कि कहानी में है केवल शहर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** रोड शो में हो गया भगवा पार्षद के साथ कुछ ऐसा? वो योगी योगी चिल्ला रहे थे कुर्ता फाड़ के? भगवा पार्षद के साथ हो गया कुछ ऐसा केस? उनका कुर्ता उलझ गया तार में? जब तक वो संभलते तब तक कुर्ता गया था फट? सुना है फटे कुर्ते के साथ भाजपा पार्षद गए योगी जी के स्वागत में डट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक मंडल अध्यक्ष को पड़ गया रोड शो में जाना बहुत ही भारी? चोरों ने भरे रोड शो में दिखा दी अपनी कलाकारी? बृज वाले विहार के त्यागी जी के 2 मोबाइल हो गए चोरी? मंडल अध्यक्ष अब किसे बताए अपनी व्यथा? एक था लाख रुपए वाला आई फोन और दूसरा था वन प्लस ? मंडल अध्यक्ष को लग रहा है अपने दोनों फोन के बिना जग सूना ? लग गया उन्हें रोड शो में लाख रुपए का चूना?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सारा जोर लगा दिया है इधर वालों ने डीएम पर? फूल वाले ये न समझे कि नारा सिर्फ उन्हीं के यहां चला हैं? तीर तो उधर वालो की कमान से भी चला है? संदेश तो बटोगे तो कटोगे वाला दिया गया है उधर भी? कहने वाले ने कहा कि मुझे लग रहा है हो न जाएं डीएम जी उस दिन तितर बितर? वहां एक है समझाने वाला ओर यहां हैं चार? अब देखो क्या बनते हैं हालात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कुछ तो हुआ जो हाई हो गया था भगवा चुनाव दफ्तर पर उनका पारा? कहने वाले ने कहा कि आप उठा कर देख लो फिर प्रोग्राम की लिस्ट? आप को दिखाई दे जायेगा पूरी स्टोरी में ट्विस्ट? फिर चुनाव में नहीं दिखाई दी मैडम तारा? क्या उन्होंने खुद ही कर लिया किनारा? या फिर इधर वालों ने भी उन्हें नहीं पुकारा?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हो गया क्या हैंडपंप वालो के साथ कोई मजाक? जब निकला रोड शो तो नजर नहीं आए हैंडपंप वाले चेहरे फूल वालों के साथ? कहने वाले ने कहा कि अजी रथ की बात छोड़ो वो नहीं दिखें पथ पर भी? हेलीपैड पर उनके हाथों से दिलवा कर बाबा को फूल? कर दिया गया था उनके चुनावी जज्बे को कूल? कहने वाले ने कहा कि मत दो इस बात को अब इतना ज्यादा तूल? हो सकता है फूल वाले गए हों भागदौड़ में हैंडपंप वालो को भूल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इलेक्शन के बीच में चली है पूरी प्लानिंग? कौन खेलेगा महिला मोर्चा वाली इनिंग? सुना है इलेक्शन होते ही कोई करेगा लखनऊ की साइड रनिंग? किसी ने पूरी शक्ति से जता दी है मुख्य संगठन में अपनी भक्ति की आस्था? किसी की तमन्ना है कि अब तो हो जाए मोर्चा अध्यक्ष वाली हसरत पूरी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** साइकिल के सामने इस उपचुनाव में आ गया है अपनी साख बचाने का सवाल? यहां वोट तय करेंगे कि किसके तेल से जली है ये माइलेज वाली मशाल? इलेक्शन के बाद ही पता चलेगा सियासी दोस्ती का हाल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नीले मोहल्ले में भले ही खिल गया हो पूरी शीतलता से कमल? यहां पड़ोस वाले विधायक जी की किस ने कराई चुनावी हलचल? मोहल्ले के गुर्जर लीडर को भी करना चाहिए था थोड़ा कंसीडर? वो भी तो है इस एरिया के पॉलिटिकल फीडर? सुना है चुनावी सीजन में रहे वो बन कर आउटसाइडर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कुछ तो है नीले महावतों का भी प्लान? क्यों आ गईं उस वक्त कैडर महावत के फेस पर मुस्कान? जब किसी ने कहा थिएटर सिमट जाएगा इतने में श्रीमान? तब क्या कह दिया उन्होंने उचका कर अपने कॉलर? पूरी लगा दी जान ओर किया प्लान पर काम? इससे ज्यादा हम नहीं उठा सकते है अपने सिर पर आसमान?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## रोटरी गाजियाबाद नॉर्थ और कवि नगर ए ब्लॉक वेलफेयर एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से

# बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए कला प्रतियोगिता का किया आयोजन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी गाजियाबाद नॉर्थ और कवि नगर ए ब्लॉक वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से छोटे बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए अपने वार्षिक प्रोजेक्ट के अन्तर्गत रविवार को कला प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें गाजियाबाद के लगभग सभी स्कूलों से 1500 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्यः अतिथि रोटरी मंडल अध्यक्ष रो प्रशांत राज शर्मा ने गुब्बारे उड़ा कर किया इस अवसर अन्य पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर भी इस प्रतियोगिता के विशिष्ट अतिथि रहे।

प्रतियोगिता का संचालन रो ललित जायसवाल, रो सुमेश गर्ग, रो डॉ पुनीत अग्रवाल और ए ब्लॉक के अध्यक्ष सुरेश चावला एवं प्रोजेक्ट कन्वीनर सुमन कपूर ने किया। रोटरी गाजियाबाद नार्थ के अध्यक्ष रो सचिन गुप्ता ने बताया कि यह हमारा वार्षिक प्रोजेक्ट है। बच्चो को उनकी आयु के अनुसार सात ग्रुपों में बांटा गया। प्रत्येक ग्रुप में पांच सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।

प्रतियोगिता में रोटरी गाजियाबाद नॉर्थ के सभी सदस्यों ने सक्रिय भाग लिया। जिसमें मुख्य रूप से सचिव रो प्रमोद गोयल, कोषाध्यक्ष रो मोहित गुप्ता, रो शिशिर अग्रवाल, रो अनुपम जैन, रो मनोज अग्रवाल, रो संजय जैन, रो राकेश जिंदल, रो मुकेश अग्रवाल, रो के डी एस जग्गी, रो विवेक अग्रवाल, रो पवन कोहली, रो आलोक गर्ग, रो मुकुल जैन, रो मानव सिंगल, रो सुधीर गुप्ता, रो राजीव वशिष्ठ और ए ब्लॉक की तरफ से सुरेश चावला, अमित चौधरी, अनिल शुक्ला तथा अन्य ने अपना सहयोग देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। बच्चों द्वारा बनाई गई खूबसूरत पेंटिंग्स को जांचने के लिए हमारे क्लब की प्रतिभाशाली ऐनी शोभीना गुप्ता, ऐनी पूनम कोहली, ऐनी सतविंदर कौर, ऐनी कल्पना गुप्ता, ऐनी रत्ना शेरी, एनी संध्या गुप्ता और एनी निधी गुप्ता ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।

# धूमधाम से मनाई गुरु नानक जयंती

## प्रतीक ग्रैंड सोसाइटी में कार्यक्रम का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक ग्रैंड सोसाइटी में 17 नवंबर को श्री गुरु नानक जयंती को बड़े भक्ति भाव और उत्साह के साथ मनाया। कई दिनों की तैयारी और सामूहिक प्रयासों से इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इसी श्रृंखला में 7 नवंबर को प्रभात फेरी का आयोजन भी किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 9 बजे गुरुद्वारा दशमेश दरबार, प्रताप विहार से हुई। जहां से श्री गुरु ग्रंथ साहिब को कीर्तन के साथ श्रद्धा से पीजीसी के टावर पी6 की लॉबी में लाया गया।

इसके बाद प्रताप विहार गुरुद्वारा के प्रमुख रागी प्रभजोत सिंह और उनके सहयोगियों द्वारा सुखमनी साहिब का पाठ संपन्न हुआ। पाठ के बाद सबद कीर्तन का आयोजन हुआ और फिर पीजीसी के सेवादारों द्वारा विशाल लंगर की व्यवस्था की गई। सभी धर्मों और समुदायों से जुड़े लोगों ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया। महिलाओं और बच्चों ने भी लंगर बनाने और वितरण में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस विशेष आयोजन में करीब 3 हजार लोगों ने गुरु प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन ने सभी को एकता, सेवा और भाईचारे का संदेश दिया।

# सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के प्रांगण में मतदाता जागरूकता सभा का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल के प्रांगण में आई.एस.एफ.आई. के तत्वावधान में अध्यक्ष, डॉ सुभाष जैन द्वारा शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों हेतु मतदाता जागरूकता को ध्यान में रखते हुए एक सभा का आयोजन किया गया।

सभा के विशिष्ट अतिथि श्रीचन्द शर्मा, सदस्य विधान परिषद, उ.प्र. का स्वागत आई.एस.एफ.आई., प्रतिनिधि अलोक गर्ग एवं डॉयरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन एवं स्कूल मैनेजर प्रणव जैन एवं द्वारा किया गया। सभा में उपस्थित आई.एस.एफ.आई., सचिव गुलशन भाम्बरी जी, अलोक गर्ग, जोगेन्द्र सिंह, अजय जैन को डॉ. गीता जोशी, प्रधानाचार्या, डॉ. मंगला वैद, स्कूल एडवाइसर ने तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया।

सभा को सम्बोधित करते हुए श्रीचन्द शर्मा द्वारा शिक्षकों की समाज निर्माण में भूमिका पर चर्चा करते हुए शिक्षकों के सम्मान हेतु किये गये प्रयासों की भी चर्चा की गयी। इसी के साथ-साथ शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। उन्हें उनके आस-पास के क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को मतदाता जागरूकता करने हेतु भी प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन आई.एस.एफ.आई., सचिव गुलशन भाम्बरी द्वारा किया गया।

उल्लेखनीय है कि आगामी चुनाव प्रक्रिया 20 नवम्बर 2024 को सम्पन्न होगी। आई.एस.एफ.आई., गाजियाबाद अध्यक्ष, डॉ. सुभाष जैन एवं सचिव, गुलशन भाम्बरी जो शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता हेतु सदैव तत्पर रहते हैं तथा गाजियाबाद शिक्षा क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।

# महिला एवं पुरुष वेटलिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग एवं बेस्ट फिजीक प्रतियोगिता का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित अंतर-महाविद्यालयी महिला एवं पुरुष वेटलिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग एवं बेस्ट फिजीक प्रतियोगिता का आयोजन 16-17 नवंबर को एस.एस.वी. कॉलेज, हापुड में किया गया। इस प्रतियोगिता में मुलतानीमल मोदी कॉलेज, मोदीनगर की ओर से 52 किलोग्राम भार वर्ग पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में कु. कसक बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्रा (महिला वर्ग) ने प्रतिभाग किया। 170 किलोग्राम भार उठा कर प्रथम स्थान (गोल्ड मेडल) प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दीपक कुमार अग्रवाल ने कु. कसक को बधाई दी तथा आगे होने वाली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# जेकेजी हैप्पी स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बजरिया स्थित जेकेजी हैप्पी स्कूल के 52 उत्कृष्ट वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल के ऑडिटोरियम में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा से सभी का दिल जीत लिया। तीन चरणों में हुए वार्षिकोत्सव का उदघाटन जेकेजी स्कूल ग्रुप के संस्थापक चेयरमैन जे के गौड़ ने किया।

संस्थापक चेयरमैन जे के गौड़ ने कहा कि स्कूल ने शहर में शिक्षा का उजाला फैलाने का कार्य उस समय से शुरू किया, जब यहा पर शिक्षण संस्थानों की कमी थी। 52 वर्ष पहले जब स्कूल की स्थापना की गई तो उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने वाले दो-चार स्कूल ही थे। ऐसे समय में जेकेजी हैप्पी स्कूल की जो मशाल जलाई, उससे आज पूरा शहर प्रकाशित हो रहा है। जेकेजी हैप्पी स्कूल की इस उपलब्धि से प्रेरित होकर अन्य लोगों ने भी स्कूल-कॉलेज खोले और आज गाजियाबाद शिक्षा का ऐसा केंद्र बन चुका है, जहां पूरे देश से युवा शिक्षा के लिए आते हैं।

डायरेक्टर डॉ करूण गौड़ ने कहा कि जेकेजी हैप्पी स्कूल का उददेश्य शुरू से ही बच्चों को संस्कार व नैतिक मूल्य युक्त शिक्षा देना रहा है।

इसी का परिणाम है कि स्कूल से शिक्षा लेने वाले बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में सफलता का परचम लहराकर समाज व देश के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। निर्देशक शैक्षिक यशी बाला ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी हो सकता है, जब उन्हें किताबी ज्ञान तक ही सीमित ना रखा जाए, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान भी दिया जाए और उन्हें अपनी गौरवशाली संस्कृति को सहेजने के लिए प्रेरित किया जाए। जेकेजी हैप्पी स्कूल 52 वर्षो से बच्चों को शिक्षित करने के साथ संस्कारित भी कर रहा है।

तीन चरणों में हुए वार्षिकोत्सव में स्कूल के बच्चों ने गणेश वंदना व स्वागत गीत के बाद रंगारंग कार्यक्रमों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य तरनजीत कौर ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किय।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये जज्बा है दोस्ती का जो दिखाया है निर्मल उपाध्याय ने। उनकी सहेली अनीता चौधरी का स्वास्थ ठीक नहीं है। उनकी आंख का ऑपरेशन हुआ। ऑपरेशन से पहले निर्मल उपाध्याय ने प्रार्थना की कि उनकी दोस्त पर प्रभु कृपा करें। ऑपरेशन सफल रहा और जब सहेली की आंख की रोशनी लौट आई तो निर्मल उपाध्याय की खुशी देखने वाली थी। उन्होंने अपनी खुशी को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।